

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

'न्यूज' और 'स्पेस रानी' पर बवाल...हरिभूमि ने वोटर लिस्ट खंगाली, निकले ऐसे नाम

बिकाऊ, लतखोर, कृष्ण आज्ञाकारी राजा बाबू, झिटको, फर्जी अमेरिका, एशिया, लडगी, भूखाराम, भागी, शाम, निराशा

जिया कुरैशी, सचिन अग्रहरि
लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

पीएससी में स्पेस रानी और न्यूज नाम के उम्मीदवारों को लेकर जमकर विवाद हुआ। अनोखे नाम की वजह से परीक्षा पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया। स्पष्ट हुआ कि सच में उम्मीदवारों के नाम न्यूज और स्पेस हैं। फिर हरिभूमि ने वोटर लिस्ट खंगाली। निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची ने नामकरण के अनोखे रंग दिखाए। कई नाम तो चौंका देते हैं। मसलन, रायपुर की ग्रामीण विधानसभा में एक व्यक्ति का ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खुज्जी खैरागढ़ में अजब-गजब नाम

टीम हरिभूमि ने प्रदेशभर में वोटर लिस्ट खंगाली। मतदाता सूची में दर्ज ये नाम बताते हैं कि छत्तीसगढ़ की सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता नामकरण में भी दिखाई देती है। कई नाम स्थानीय बोलियों, जनजातीय परंपराओं, पारिवारिक मान्यताओं, धार्मिक प्रभाव या किसी विशेष ▶▶|शेष पेज 7 पर

ऐसे नाम

अमरीका, विदेश, मामला, सूखे, डुबल, युरोपी, पलटन, सूबेदार, बेबी, इतवारी बीपी, रक्ष, लैनू, फिरन, ग्रविमल, रूथमेरी, ऑगस्टीन, पुनई, मीपा, फटकनभाई



अभनपुर, गरियाबंद, राजिम में अजीबोगरीब नाम

रायपुर जिले की अभनपुर और गरियाबंद जिले की राजिम विधानसभा सीट की मतदाता सूची के सैकड़ो नामों की पड़ताल के बाद कई अजीबोगरीब नाम सामने आए हैं। इन नामों को लेकर ये संदेह हो सकता है कि ये नाम सही हैं भी या नहीं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

रायपुर ग्रामीण में बिकाऊ और राजाबाबू : रायपुर ग्रामीण विधानसभा में हरेलिया, मनटोरा, कृष्ण आज्ञाकारी राजा बाबू, मुखिया, केवरा, हिरौंदी, बिकाऊ, गूमा, परदेशनिन, चुमेश्वरी, मिनोति जैसे नाम दिखे।

रायगढ़: न से नाम निकला तो रखा न्यूज

पंडित जी बोले- 'न' से नाम रखिए, घरवालों ने बना दिया 'न्यूज़'

हरिभूमि ने रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लॉक के भाठनपाली निवासी न्यूज कुमार प्रधान से बात की। उन्होंने बताया कि उनके नाम के पीछे कोई टाइपिंग मिस्टेक या सरकारी गड़बड़ी नहीं, बल्कि बाकायदा ज्योतिषीय गणना है। जन्म के बाद नामकरण के लिए पिता पंडित जी के पास पहुंचे। जन्म समय, मूलांक और ग्रह-नक्षत्र देखने के बाद पंडित जी ने फरमान सुनाया कि नाम 'न' अक्षर से ही होना चाहिए। बस फिर क्या था, परिवार ने ऐसा नाम चुना जो आगे ▶▶|शेष पेज 7 पर

मार्कशीट से आधार तक सिर्फ 'न्यूज़' ही न्यूज़



सबसे रोचक बात यह है कि न्यूज कुमार प्रधान के शैक्षणिक दस्तावेजों में कहीं भी कुमार या प्रधान दर्ज नहीं है। दसवीं की अंकसूची से लेकर 12वीं, कॉलेज और आधार कार्ड तक उनका नाम सिर्फ 'न्यूज' लिखा है। पिता सुखदेव और माता सुरेश्वरी के ▶▶|शेष पेज 7 पर

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹113802/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹138990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹151721/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels
Pandri, Raipur

राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस पर आत्मसमर्पित महिलाओं ने दबे स्वर में साझा किया अनुभव



गोलियों की बौछार के बीच से निकलकर मंच तक पहुंची आत्मसमर्पित नक्सली

रैंप वाक में दिखाया जलवा

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेशभर से जुटे बुनकरों का एक भव्य सम्मेलन शुक्रवार को किया गया। इसमें हस्त शिल्प और माटी कला बोर्ड से जुड़े कारीगरों की हौसला अफजाई करने के लिए मंच सजाया गया। इस मंच की खास बात यह रही कि बस्तर में फैले बारूद की दुर्गंध से निकलकर आत्मसमर्पित युवतियों ने पहली बार आत्म विश्वास के साथ रैंप वॉक किया। मंजे हुए आर्टिस्ट की तरह स्टेज पर रैंप वॉक करने वाली महिलाओं और बेटियों ने इस अनूठे अनुभव को हरिभूमि से चर्चा करते हुए साझा भी किया।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय बुनकर सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी में शामिल होने के लिए सैकड़ों प्रतिनिधि और कलाकारों की टीम पहुंची थी। इसके चलते सुबह 11 से शाम 5 बजे तक उत्सव का माहौल देखने लायक था। टीम लीडर के साथ आई आत्म समर्पित महिलाओं और वहां की बेटियों ने अब रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प, खादी एवं माटीकला बोर्ड से प्रशिक्षण लेने के बाद स्वदेशी उत्पाद को प्रमोट करने और बस्तर की कला और संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास शुरू किया है। इसकी झलक ऑडिटोरियम प्रांगण में देखने ▶▶|शेष पेज 7 पर

आधुनिक पहनावे का पहला अहसास

फुनेमदेवे ने बताया कि बस्तर में फैले बारूद की दुर्गंध से दूर हमें नई दुनिया मिली। इतने बड़े मंच और भीड़ के बीच हम रैंप वॉक करेंगे यह मार्च 2026 से पहले हमारे लिए सपना था। कम- पढ़े लिखे होने के बाद भी हमें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर भी संयोग से मिला है। बेटी होने की वजह से ज्यादा पढ़ने का अवसर नहीं ▶▶|शेष पेज 7 पर





सीएम ने की 'सेल्फी विद स्वदेशी' से जुड़ने की अपील

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा संघ के नए प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब' का शुभारंभ करते हुए कैटलॉग का विमोचन किया। साथ ही हाथकरघा इन्वेंट्री मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का भी शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के बुनकरों एवं शिल्पकारों को राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त 1905 को प्रारंभ हुए स्वदेशी आंदोलन की स्मृति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में इस दिवस को राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की। आज छत्तीसगढ़ का कोसा, बस्तर की बुनाई तथा प्रदेश के पारंपरिक हाथकरघा उत्पाद देश-दुनिया में अलग पहचान बना रहे हैं। सरकार का लक्ष्य छत्तीसगढ़ के हाथकरघा उत्पादों को 'लोकल टू ग्लोबल' की नई पहचान दिलाना है। इस अवसर ▶▶|शेष पेज 7 पर

नक्सल संगठन का पूर्व सक्रिय सदस्य पलटू चढ़ा पुलिस के हत्थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

नक्सल संगठन के पूर्व सक्रिय सदस्य पलटू दास को पुलिस ने मुंबई से पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी को रिमांड पर लिया गया है। इसके पूर्व एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। पिछले महीने 11 जून को सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बूमतेल सरनाटोली जंगल क्षेत्र में दो सशस्त्र व्यक्ति हथियारों के बल पर राहगीरों को भयभीत कर उनसे पैसों की मांग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस को आता देख दोनों आरोपी अपने हथियार एवं अन्य सामान मौके पर छोड़कर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल से एक इंसास रायफल मैगजीन सहित, एक होममेड रायफल मय मैगजीन, एक देसी कट्टा, 6 नग जिंदा कारतूस, 4 नग लोहे के बोल्ट, एक हथौड़ी, ▶▶|शेष पेज 7 पर

- मुंबई से ढूंढ लाई जशपुर पुलिस, आरोपी पुलिस रिमांड पर
- एक अन्य आरोपी को भेजा जा चुका है जेल

मुंबई जाकर छिप गया

इसी दौरान पुलिस का सर्च अभियान शुरू हो गया। पुलिस को आता देख दोनों आरोपी अपने हथियार एवं अन्य सामान छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। लगातार पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए पलटू दास मुंबई जाकर छिप गया था।

चार्जशीट में सीबीआई का खुलासा
तीनों विषय विशेषज्ञ मुख्य आरोपी

नीट पेपर तैयार करने के दौरान ही याद कर लेते थे कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई के आरोप-पत्र में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के तीन विषय विशेषज्ञों पी. वी. कुलकर्णी (रसायन विज्ञान), मनीषा गुरुनाथ मांढरे (प्राणी विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान) और मनीषा संजय हवलदार (भौतिकी) को मुख्य आरोपी बताया गया है। आरोप-पत्र में कहा गया है कि एनटीए के गोपनीय कक्ष में प्रवेश या बाहर निकलने के दौरान विशेषज्ञों की कोई जांच नहीं हुई या तलाशी नहीं ली गई। इसमें कहा गया कि कुलकर्णी ने आसान प्रश्नों को याद कर लिया था और होटल लौटने के बाद उन्हें लिख लिया।

सीबीआई ने हाल में उस विशेष त्वरित अदालत के समक्ष आरोप-पत्र दाखिल किया है, जो प्रश्नपत्र लीक ▶▶|शेष पेज 7 पर



विशेषज्ञों से बिचौलियों और अन्य तक

प्रश्नपत्र लीक की प्रक्रिया को दर्शाने वाली एक तालिका के अनुसार, ये प्रश्न इन विशेषज्ञों से होते हुए 'बिचौलियों और अन्य लोगों' तक पहुंचाए गए थे। इसमें कहा गया है कि प्रश्न तेजस हर्षदकुमार शाह, डॉ. मनोज भगवानराव शिरूरे, शिवराज मोटेगांवकर, धनंजय निवृत्ति लोखंडे और शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर तक पहुंचाए गए। इनमें से कुछ लोग कोचिंग संस्थान या परामर्श संस्थान चलाते थे।

मोबाइल ने खोले राज

आरोप-पत्र में कहा गया, छब्बीस अप्रैल, 2026 के एक ऑडियो में उसने (मंगीलाल ने) चिंता जताई थी कि अगर विकास बिवाल और ऋषि बिवाल अभ्यर्थियों के अभिभावकों से पैसों के लालच में कोई गलत कदम उठाते हैं तो प्रश्नपत्र लीक का खुलासा हो सकता है। परीक्षा से चार दिन पहले यश यादव द्वारा पीडीएफ या हार्ड कॉपी के रूप में प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने, कीमत को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने पर बातचीत, 150 प्रश्नों की विशेष व्यवस्था और अन्य खरीदारों के लिए 450 प्रश्नों के एक अलग सेट की चर्चा की गई है।

हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इंकार

भूपेश को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया, जिसमें 2023 में पाटन विधानसभा सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को शुरुआती स्तर पर ही खारिज ▶▶|शेष पेज 7 पर

कोर्ट ने कही यह बात

कोर्ट ने कहा कि बघेल के पास बचाव के लिए ठोस दलीलें हैं और यह भी साफ किया कि उनकी चुनौती खारिज होने से चुनाव न्यायाधिकरण के सामने कार्यवाही के दौरान सभी बातें और तर्क रखने के उनके अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



लोन रिकवरी पर भारतीय रिजर्व बैंक के नए नियम

...तो बैंक देंगे हर घंटे 250 रुपए का हर्जाना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन रिकवरी से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि लोन वसूली के नाम पर ग्राहकों के साथ बदसलूकी या दबाव न बनाया जाए। नए नियमों के तहत, जैसे ही ग्राहक बकाया रकम चुका देता है, बैंक को एक घंटे के भीतर फोन की सभी सुविधाएं दोबारा चालू करनी होंगी। अगर इसमें देरी होती है, तो बैंक या फाइनेंस कंपनी को 250 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से ग्राहक को मुआवजा देना होगा। ये नियम 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे।

नए नियमों के अनुसार, रिकवरी एजेंट अब किसी भी ग्राहक को धमका नहीं सकेंगे और न ही बार-बार फोन या मैसेज करके परेशान कर सकते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि सुबह 8 बजे से पहले और शाम 7 बजे के बाद रिकवरी कॉल करने की भी अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, एजेंट ग्राहक के परिवार, दोस्तों को भी परेशान नहीं कर सकेंगे। आपने ईएमआई पर मोबाइल खरीदा है, तो बैंक या फाइनेंस कंपनी ▶▶|शेष पेज 7 पर



सोशल मीडिया के बदले नियम?

आरबीआई ने साफ कहा है कि रिकवरी एजेंट किसी भी ग्राहक की फोटो, वीडियो या निजी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करके उसे बदनाम नहीं कर सकते। ग्राहक की प्राइवेसी का पूरा सम्मान करना होगा।

रिकवरी एजेंट के लिए क्या है जरूरी

अब हर रिकवरी एजेंट के पास बैंक की ओर से जारी आईडी कार्ड और ऑथराइजेशन लेटर होना जरूरी होगा। बैंक को पहले से ग्राहक को ये भी बताना होगा कि रिकवरी एजेंट कब मिलने आएगा। अगर एजेंसी बदली जाती है, तो इसकी जानकारी भी ग्राहक को देनी होगी।

शिकायत करना होगा आसान?

अगर किसी ग्राहक को रिकवरी एजेंट के व्यवहार से परेशानी होती है तो बैंक को उसके लिए शिकायत पर काम करने की सुविधा बनानी होगी। अगर गलत तरीके से रिकवरी की जाती है तो ग्राहक को उसका मुआवजा भी मिल सकेगा। इन नए नियमों से सबसे बड़ा फायदा उन लोगों को होगा जो लोन लेने के बाद रिकवरी एजेंटों की बदसलूकी या बार-बार आने वाले कॉल से परेशान रहते थे। मोबाइल लोन लेने वाले ग्राहकों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि भुगतान के बाद फोन अनलॉक करने में देरी होने पर उन्हें मुआवजा मिलेगा।

भारत खरीदेगा 2,500 से अधिक लॉजिस्टिक्स ड्रोन

अब 20 हजार फीट की ऊंचाई पर ड्रोन पहुंचाएंगे हथियार और राशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से सटी दुर्गम सीमाओं पर 20 हजार फीट पर तैनात सैनिकों तक जरूरी सामान पहुंचाने का काम अब ड्रोन करेंगे। रक्षा मंत्रालय 2,500 से अधिक लॉजिस्टिक्स ड्रोन खरीदने की तैयारी में है। इस पहल के बाद सियाचिन ग्लेशियर, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात जवानों तक राशन, हथियार और जीवनरक्षक दवाइयां पहले से अधिक तेजी और आसानी से पहुंचाई जा सकेंगी। युद्ध जैसी परिस्थितियों में गोला-बारूद और अन्य सैन्य उपकरण भी कम समय में मोर्चे तक पहुंचाए जा सकेंगे। लाजिस्टिक ड्रोन के उपयोग से समय और लागत दोनों की बचत होगी, जबकि सैन्य अभियानों की दक्षता भी बढ़ेगी। रात के समय और खराब मौसम में भी ये ड्रोन प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे, जिससे सेना की सप्लाई चेन पहले से अधिक सुरक्षित, मजबूत और तेज हो जाएगी।भारतीय सेना ने लॉजिस्टिक्स ड्रोन खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन जारी कर दी है।

सप्लाई चेन को मिलेगी नई मजबूती

ये ड्रोन 20,000 फीट की ऊंचाई तक दवाइयों सहित जरूरी सामान पहुंचाने में होंगे सक्षम

तीन अलग-अलग ऊंचाई के लिए खरीदे जाएंगे ड्रोन

योजना के तहत अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों के लिए अलग-अलग ड्रोन खरीदे जाएंगे। इनमें 6,000 फीट तक, 6,000 से 12,000 फीट तक और 12,000 से 20,000 फीट तक उड़ान भरने वाले ड्रोन शामिल होंगे। सबसे ऊंचाई पर उड़ान भरने वाले ड्रोन को 19,000 फीट की ऊंचाई से टेकऑफ करने और माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से लेकर 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में काम करने में सक्षम होना होगा।



10 से 20 किमी. तक पहुंचा सकेंगे जरूरी सामान

हर ड्रोन 10 से 20 किलोमीटर तक की एकतरफा दूरी में हथियार, गोला-बारूद, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री ले जाने में सक्षम होगा। इनमें जीपीएस, भारतीय नेविगेशन प्रणाली 'नैविक', बाधा पहचान सेंसर, डे-नाइट कैमरे और ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन जैसी आधुनिक तकनीकें मौजूद होंगी। इन्हें स्वायत्त, मैनुअल और 'रिटर्न-टू-होम' मोड में संचालित किया जा सकेगा।

ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभव के बाद उठाया कदम

भारतीय सेना ने यह पहल 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान ड्रोन और लॉइटरिंग म्यूनिशन के व्यापक इस्तेमाल से मिले अनुभवों के आधार पर शुरू की है। सेना चाहती है कि नए ड्रोन एंटी-जैमिंग और एंटी-स्पूफिंग तकनीक से लैस हों, ताकि इलेक्ट्रॉनिक युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी वे प्रभावी ढंग से अपना काम कर सकें।

सेना की सप्लाई चेन को मिलेगी नई मजबूती

लॉजिस्टिक्स ड्रोन सेना के लिए कई मायनों में उपयोगी साबित हो सकते हैं। ये खतरनाक इलाकों में सैनिकों को जोखिम में डाले बिना जरूरी सामान तेजी से पहुंचाने में सक्षम होंगे। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों और युद्ध क्षेत्र में, जहां पारंपरिक वाहन नहीं पहुंच पाते, वहां भी ये आसानी से पहुंच बना सकेंगे।

खबर संक्षेप

शाह आज से तमिलनाडु पुडुचेरी के दौरे पर

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आठ अगस्त से



तमिलनाडु और पुडुचेरी के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को शाह तमिलनाडु के तिरुवन्नामलाई का दौरा करेंगे। शाह श्री रमण महर्षि आश्रम, अरुलमिगु अरुणाचलेश्वर मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। गृह मंत्री रविवार को पुडुचेरी में रहेंगे। वह पुडुचेरी पुलिस ग्राउंड में 'पुडुचेरी पुलिस' को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान किए जाने के समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि शाह दिन में बाद में मुरुगा थिएटर सिग्नल पर 'हर घर तिरंगा यात्रा' का भी उद्घाटन करेंगे।

उडुपी में ठेकेदार कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

उडुपी। उडुपी जिले के पडुबिदरी में अज्ञात हमलावरों ने कांग्रेस नेता



और ठेकेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान डेविड डिसूजा के रूप में हुई है, जो मुडरंगडी ग्राम पंचायत का पूर्व अध्यक्ष था और ठेकेदारी का काम करता था। वह एक स्थानीय गिरजाघर में सहायक पादरी को खुदकुशी के लिए उकसाने के मामले में भी दोषी था और जेल की सजा काट चुका था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो हमलावर एक वाहन पर आए और डिसूजा पर गोली चला दी, कई गोलियां लगने के बाद अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

2022 के बाद से यमन पर हुआ सबसे भीषण हमला, कई जगह लगी आग

हूती विद्रोहियों का बड़ा हमला, यमन के 58 सैनिकों की मौत, सऊदी अरब में 11 घायल

हूती विद्रोहियों ने यमन और सऊदी अरब में एक साथ कई हमले किए हैं। यमन में हूतियों ने हद्रामौत और मारिब प्रांतों में सैन्य ठिकानों को बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया है, जिसमें 58 सैनिक मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। वहीं, सऊदी अरब में हुए हमले में 11 आम लोग घायल हुए हैं। इनमें 7 लोग सऊदी अरब के, एक यमन, 2 मिस्र और एक पाकिस्तानी शामिल हैं। ये 2022 के बाद से यमन पर हुआ सबसे भीषण हमला है।

एजेंसी ▶▶ मारिब

सऊदी अरब के नजरान क्षेत्र में हुए हमले में 4 साल के बच्चे समेत 11 नागरिक घायल हुए हैं। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई। लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दिया। सऊदी-नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने कहा गठबंधन नागरिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाना जारी रखेगा।



हूतियों ने यमन में 8 मिसाइलें दागीं

अल जजीरा के मुताबिक, हूतियों ने मारिब के उत्तर में स्थित अल-जॉफ प्रांत से 8 मिसाइलें दागीं, जिनका निशाना हद्रामौत के अल-थिनिया और अल-अब्र और मारिब के अल-रौक थे। यह हमला भारतीय समयानुसार गुरुवार की शाम 4:30 बजे हुआ, जिसमें हद्रामौत में कई सरकारी सैन्य टुकड़ियों, होमलैंड शील्ड फोर्सेज, आपातकालीन बलों और सैन्य शिविरों को निशाना बनाया गया।

सही समय पर सही जवाब देंगे : यमन

यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस हमले का जवाब सही समय और सही जगह पर दिया जाएगा। वहीं हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि विद्रोहियों ने सऊदी अरब के समर्थन से कथित तौर पर की जा रही सैन्य तैयारी के जवाब में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों से सरकारी ठिकानों पर हमला किया। वहीं, हूतियों ने नजरान हवाई अड्डे पर हुए हमले की भी जिम्मेदारी ली है।

अमेरिका से जंग में ईरान की दोस्ती निभा रहा हूती

यमन के हूती विद्रोहियों के ताजा हमले सिर्फ वहां के गृहयुद्ध तक सीमित नहीं हैं। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के साथ हूती भी हमले तेज कर रहे हैं। इसकी वजह ईरान और हूतियों के बीच लंबे समय से बने रिश्ते हैं। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों का आरोप है कि ईरान हूतियों को हथियार, ड्रोन और मिसाइल तकनीक मुहैया कराता है। हूती (अंसार अल्लाह) यमन का शिया विद्रोही संगठन है।

होर्मुज में अमेरिकी-इजराइली जहाजों को रोकने की तैयारी

इधर, ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर अपनी पकड़ और मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। संसद में ऐसा बिल पेश किया गया है, जिसमें अमेरिका, इजराइल और अन्य दुश्मन देशों के जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाने का प्रस्ताव है। नियम तोड़ने वाले जहाजों पर उनके माल की कीमत का 20% तक जुर्माना लगाने का भी प्रस्ताव है।

अमेरिका ने जताई संवेदना

यमन स्थित अमेरिकी दूतावास ने इन हमलों को 'कायरतापूर्ण' बताया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी दूतावास ने आज शहीद हुए बहादुर यमनी सैनिकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दूतावास ने कहा, 'ये हमले यमन के लोगों के खिलाफ आतंकवाद का एक और उदाहरण पेश करते हैं।' इस बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर सऊदी दौरे पर हैं। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समझौता है।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ याचिका पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कहा- सस्ती लोकप्रियता पाने का जरिया



कैश कांड के बाद चर्चा में आए दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया है। इस दौरान उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता को फटकार भी लगाई है। याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसे महज सस्ती पब्लिसिटी के लिए दाखिल किया गया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने अधिवक्ता घनश्याम उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता का कहना था कि यशवंत वर्मा के इस्तीफा देने से उनके खिलाफ कथित अवैध नकदी रखने के मामले में आपराधिक कार्रवाई खत्म नहीं हो जाती। उन्होंने अदालत को बताया कि इस बार उन्होंने पहले से शिकायत भी दर्ज कराई है।

याचिकाकर्ता ने क्या मांग की थी

इससे पहले कोर्ट में दलील देते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि भले ही जस्टिस वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया हो, लेकिन इससे कैश मिलने के मामले में उनकी जवाबदेही खत्म नहीं हो जाती। उसने यह तर्क भी दिया कि पहले इसी तरह की याचिका तकनीकी आधार पर खारिज कर दी गई थी क्योंकि याचिका दायर करने से पहले कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। अब वह प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि हाईकोर्ट के जज एक पब्लिक सर्वेंट होते हैं और अब वे रिटायर भी हो चुके हैं। ऐसे में उन्हें कानूनी कार्रवाई से कोई छूट नहीं मिलनी चाहिए।

क्या है पूरा मामला

याचिका में कैश कांड में घिरे यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की गई थी। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से मार्च 2025 में सैंकड़ों अधजले नोट बरामद हुए थे। इसके बाद उन पर गंभीर आरोप लगे। हालांकि जस्टिस वर्मा ने कैश से किसी भी तरह का संबंध होने से इंकार किया था।

सुप्रीम कोर्ट की दो टूक- याचिका खारिज करते हैं

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करने से इंकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, यह सब सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश है। हम इस मामले पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। याचिका खारिज की जाती है।

सरकार से हुई पहले दौर की वार्ता, छात्र बोले- आंदोलन जारी रहेगा

रांची। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों की राज्य सरकार के साथ पहले दौर की मीटिंग खत्म हो गई है। हेमंत सोरेन सरकार ने 4 मंत्रियों का एक पैनल बनाया था जिसने 10 छात्रों के डेलिगेशन से बात की।वार्ता खत्म होने के बाद स्टूडेंट लीडर रवींद्र पासवान ने मीडिया से कहा ये ऐसी डिमांड्स हैं, जो अगर पूरी हो गईं, तो आने वाली जेनरेशन्स के लिए एक माइलस्टोन साबित होंगी। हमने मिनिस्टर्स से कहा है कि हमारी डिमांड्स 10 अगस्त से पहले पूरी हो जानी चाहिए। अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 10 अगस्त को तय हमारा प्रोग्राम प्लान के मुताबिक ही जारी रहेगा।

HMS साईटिका तेल
शिव साईटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

50 लाख लेने का मामला

भरत तिवारी का परिवार प्रशांत किशोर पर करेगा केस

एजेंसी ▶▶ भोजपुर



कथित रूप से पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिवार ने जन सुराज के प्रमुख प्रशांत किशोर पर केस करने की चेतावनी दी है। बांकीपुर के नवनिर्वाचित विधायक प्रशांत किशोर द्वारा भरत तिवारी की मां को कथित तौर पर 50 लाख रुपये का सरकारी अनुदान मिलने के दावा के बाद परिवार की ओर से प्रतिक्रिया आई है। भोजपुर के बिलौटी गांव में भरत तिवारी की मां आशा देवी ने पत्रकारों से प्रशांत के आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया। प्रशांत किशोर 15 दिनों के भीतर आरोपों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करें नहीं तो उनके खिलाफ मानहानि का केस किया जाएगा।

टीसीएस धर्म परिवर्तन विवाद

निदा को पनाह देने वाला ओवैसी की पार्टी का पार्षद गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ संभाजी नगर

छत्रपति संभाजीनगर से एआईएमआईएम पार्षद मतीन पटेल को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने निदा खान नाम की एक महिला को कथित तौर पर छिपाया था। निदा खान टीसीएस की पूर्व कर्मचारी हैं और उन पर कंपनी की नासिक यूनिट में जबरन धर्म परिवर्तन कराने और उत्पीड़न करने का इल्जाम है। पटेल ने अदालत के कई समन की अनदेखी की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ वारंट जारी हुआ और फिर उन्हें हिरासत में लिया गया। ज्ञात हो कि पिछले महीने निदा खान को उनकी गर्भावस्था की वजह से जमानत मिल गई थी, लेकिन उन पर अभी भी जांच चल रही है। जांच के हिस्से के तौर पर अधिकारियों ने पटेल के घर और दफ्तर पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी थी।

- आरोपी को छिपाने का आरोप

पुलिस 9 कथित मामलों की जांच कर रही

बता दें कि पुलिस अब टीसीएस में हुए कथित जबरन धर्म परिवर्तन से जुड़े 9 मामलों की गहराई से जांच कर रही है। आरोप सामने आने के बाद, टीसीएस ने इस मामले में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। कंपनी ने यह भी कहा था कि उत्पीड़न के मामलों में वह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करती।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बडों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425
डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478
डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज
उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

रायपुर
शनिवार 8 अगस्त 2026
श्रावण, कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 19
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**
मौसम
अधि. 29.7
न्यून. 27.0
haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



किन अवधियों में नहीं होंगे काम

अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ के तीन कृषि-जलवायु क्षेत्रों के लिए अलग-अलग समय तय किए गए हैं। छत्तीसगढ़ मैदानी क्षेत्र (20 जिले) और बस्तर पठार (7 जिले) तथा सरगुजा उत्तरी क्षेत्र (6 जिले) में खरीफ फसलों की कटाई का चरम मौसम 1 नवंबर से 15 नवंबर तक माना गया है। रबी फसलों की बुआई का चरम मौसम 16 नवंबर से 30 नवंबर रहेगा।रबी फसलों की कटाई का चरम मौसम 16 मार्च से 30 मार्च तक रहेगा।इन अवधियों में योजना के तहत कोई नया कार्य शुरू नहीं किया जाएगा।

किन फसलों को आधार बनाया गया

मैदानी क्षेत्रों में धान, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन जैसी खरीफ फसलों तथा गेहूं, चना, सरसों, अलसी और सब्जियों जैसी रबी फसलों को आधार बनाया गया है। बस्तर में कोदो, कुटकी और रागी जैसी पारंपरिक फसलें भी शामिल की गई हैं, जबकि सरगुजा क्षेत्र के लिए वहां की स्थानीय खेती के पैटर्न को ध्यान में रखा गया है।

वीबीजीरामजी योजना के तहत बुआई और कटाई के दौरान निर्माण कार्यों पर रोक

छत्तीसगढ़ में खेती के चरम मौसम में नहीं रहेगी रोजगार की गारंटी, नया काम शुरू नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने खेती के चरम मौसम में ग्रामीण रोजगार योजना के तहत होने वाले कार्यों पर रोक लगाने का फैसला किया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 3 अगस्त को अधिसूचना जारी कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य के विभिन्न कृषि-जलवायु क्षेत्रों में बुआई और कटाई के "पीक एग्रीकल्चरल सीजन (चरम कृषि मौसम) को अधिसूचित कर दिया है। इन अवधियों के दौरान 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' के तहत कोई नया काम शुरू, स्वीकृत या संचालित नहीं किया जाएगा। यह अधिसूचना इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 में पारित कानून के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' लागू किया ▶▶|शेष पेज 7 पर



किन कार्यों पर नहीं लगेगी रोक

हालांकि सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन अवधियों में बेरोजगारी भत्ता, मजदूरी के विलंब पर देय क्षतिपूर्ति, प्रशासनिक व्यय और योजना संचालन से जुड़े भुगतान जारी रहेंगे। प्राकृतिक आपदा या अन्य असाधारण परिस्थितियों में राज्य सरकार की अनुशंसा पर केंद्र सरकार इन प्रतिबंधों में छूट भी दे सकेगी।

खेती के मौसम में क्यों लगाई गई रोक

सरकार का तर्क है कि बुआई और कटाई के दौरान खेतों में श्रमिकों की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। यदि इसी समय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत निर्माण कार्य चलते रहें तो कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं। इसी वजह से कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी और राज्य के अलग-अलग कृषि-जलवायु क्षेत्रों की फसल प्रणाली के आधार पर यह कैलेंडर तैयार किया गया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

अमरनाथ के लिए श्रद्धालुओं का एक और जत्था रवाना



जम्मू। जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को 926 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था यहां जम्मू के आधार शिविर से रवाना हुआ। यह काफिला तड़के दो बजकर 59 मिनट पर भगवती नगर यात्री निवास से 42 गाड़ियों में रवाना हुआ जिनमें 21 बसें शामिल थीं। आज के जत्थे के रवाना होने के साथ ही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू आधार शिविर से रवाना होने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़कर 1,44,439 हो गई है।

गाज की चपेट में आने से चार की मौत

रांची। झारखंड के दो जिलों में एक दिन पहले आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। मरने वाले चार लोगों में से तीन हजारीबाग जिले से थे और एक व्यक्ति चतरा जिले से था। इस घटना में मारे गए दंपत्ति की पहचान वासुदेव महतो (51) और उनकी पत्नी दुलिया देवी (48) के तौर पर हुई है। हजारीबाग में बृहस्पतिवार को कटकमसांडी थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक दंपत्ति की मौत हो गई। उसी दिन बरकठा थाना क्षेत्र के चौथा गांव में एक और महिला की मौत हो गई।

एम्बुलेंस से 45 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त



आइजोल। मिजोरम के आइजोल जिले में एक एम्बुलेंस से 45 करोड़ मूल्य की 'मेथामफेटामाइन' की गोलियां जब्त की गई हैं। इस सिलसिले में मरीज का नाटक कर रही एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम राइफल्स और राजस्व आसूचना निदेशालय की एक संयुक्त टीम ने सेलिंग इलाके में अभियान चलाया। एंबुलेंस से 15 किलोग्राम 'मेथ' की गोलियां जब्त कीं। एंबुलेंस के भीतर मरीज बनने का ढोंग कर रही तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

खाई में गिरी कार, परिवार के पांच सदस्यों की मौत

देहरादून। उत्तराखंड के पौड़ी जिले में देवप्रयाग-पौड़ी मार्ग पर शुक्रवार को कार खाई में गिरने से एक परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक व्यक्ति लापता हो गया। मृतकों की पहचान अफजाल (49), गुफरान (34), सब्बू (40), अनामिया (तीन), और शादाब (14) के रूप में हुई है। देवप्रयाग क्षेत्र में हुए हादसे में 16 वर्षीय लड़का घायल हो गया। हरिद्वार के लक्सर क्षेत्र का निवासी एक परिवार बोलेरो कार में सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी चालक का कार पर से नियंत्रण खो गया और वह खाई में जा गिरी।

अगले सप्ताह संसद में दो बिल लाने की तैयारी में केंद्र सरकार, संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू ने तीन बार राहुल से की बात

एफसीआरए, परिसीमन बिल पर होगा घमासान कांग्रेस-भाजपा ने कमर कसी, सांसदों को व्हिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा सप्ताह भी सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध में समाप्त हो गया। हालांकि सरकार ने कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित करा लिए हैं लेकिन अब नजरें दो बिलों पर टिक गईं हैं। परिसीमन और एफसीआरए संशोधन विधेयक। सरकार ने अपने सभी सांसदों से कहा है कि वे अगले सप्ताह सदन में ही रहें। वहीं काग्रेस ने अपने सभी सांसदों के लिए तीन दिनों की व्हिप जारी कर दी है।

संसद के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को राज्यसभा में एक बार फिर तीखा राजनीतिक गतिरोध देखने को मिला। नीट मुद्दे पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई सहित कई विषयों को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही पहले दोपहर तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित करनी पड़ी। अब सदन की अगली बैठक सोमवार सुबह 11 बजे होगी। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद सभापति ने सबसे पहले भारत छोड़ो आंदोलन की 84वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया। उन्होंने राष्ट्रपिता, स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सदन ने उनके सम्मान में मौन रखा। इसके बाद विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से संबंधित दस्तावेज तथा रक्षा, गृह, वाणिज्य तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समितियों की रिपोर्टें सदन के पटल पर रखी गईं।

शून्यकाल में बढ़ा हंगामा

जैसे ही शून्यकाल शुरू हुआ, विपक्षी सदस्यों ने नीट मुद्दे पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस कार्रवाई का मामला उठाया। विपक्ष के नेता ने मांग की कि केंद्रीय गृह मंत्री स्वयं सदन में आकर इस विषय पर बयान दें और सरकार अपना पक्ष स्पष्ट करे। विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी जारी रखने के कारण सदन की कार्यवाही बाधित होती रही और सभापति ने पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी।



एफसीआरए और परिसीमन बिल पर कांग्रेस-सरकार में ठनी

दरअसल एफसीआरए और परिसीमन विधेयकों को लेकर कांग्रेस और सरकार में ठनी हुई है। सरकार के सूत्रों के अनुसार कांग्रेस पर कुछ ईसाई संगठनों का दबाव है। वे चाहते हैं कि कांग्रेस एफसीआरए का विरोध करे और इसे किसी भी सूरत में पारित न होने दें। सरकारी सूत्रों का दावा है कि परिसीमन विधेयक का विरोध करने के मुद्दे पर कांग्रेस में एक राय नहीं है। यही कारण है कि संसद का गतिरोध दूर करने के लिए वह सरकार के साथ सहमति नहीं बना पा रही है।

सरकार का पलटवार

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजीजू ने विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह खारिज किया। उन्होंने कहा कि सभापति की ओर से किसी भी मंत्री को सदन में बुलाने का कोई निर्देश नहीं दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस मंत्रालय का कार्य सूचीबद्ध होता है, उसी मंत्रालय का मंत्री सदन में उत्तर देता है। रिजिजू ने कहा कि विपक्ष नारेबाजी कर सदन से बाहर चला जाता है, जबकि गृह सुबह से देर रात तक संसद में उपस्थित रहते हैं।



पीएम की चर्चा नए नवेले सहयोगी सांसदों के साथ

संसद के मानसून सत्र के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक आवास पर हाल ही में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से जुड़े नए सांसदों के साथ सुबह के नाश्ते पर मिले। इस बैठक में तृणमूल से अलग हुए सांसद जो अब एनसीपीआई में हैं उनके साथ उद्धव गुट वाले शिवसेना, आप सहित हाल के दिनों में एनडीए का हिस्सा बने अन्य सांसद शामिल हुए। बैठक को संसद के मौजूदा राजनीतिक माहौल और आगामी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सांसदों से खुलकर संवाद किया और कहा कि संसद केवल सरकार और विपक्ष के बीच टकराव का मंच नहीं, बल्कि देश की आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है।

मुख्यमंत्री ने अंतरित किए 630.55 करोड़

खातों में पहुंची महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 67 लाख 20 हजार 125 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 630 करोड़ 55 लाख 54 हजार 300 रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार तथा संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की उन प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान ▶▶|शेष पेज 7 पर

1 मार्च 2024 से पूरे प्रदेश में योजना

महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। आज जारी की गई 30वीं किस्त के बाद योजना के अंतर्गत वितरित कुल राशि बढ़कर 19 हजार 444 करोड़ 33 लाख रुपये से अधिक हो गई है। महतारी वंदन योजना का प्रभाव अब प्रदेश के लाखों परिवारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, घरेलू निर्णयों में उनकी भागीदारी मजबूत हुई है तथा बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है।

आप के बाद कांग्रेस ने खोला मोर्चा

कार की टंकी खोलकर ई-20 पर राहुल ने बोला, कहा-पूरी दाल काली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में लागू की गई ई20 ईंधन की व्यवस्था के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इस मामले में 'दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।' उन्होंने 'एक्स' पर ▶▶|शेष पेज 7 पर

पेट्रोलियम मंत्रालय का ऐसा दावा

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बीते 10 जुलाई को कहा था कि 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के इस्तेमाल से कुछ वाहनों में 'माइलेज' तीन से पांच प्रतिशत तक कम हो सकती है, लेकिन इसके बदले मिलने वाली ऊर्जा सुरक्षा, कम कार्बन उत्सर्जन और बेहतर इंजन प्रदर्शन जैसे लाभ कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

छात्र ने पहले दादा-दादी फिर स्कूल में शिक्षक-सहपाठियों को मारी गोली

एजेंसी ▶▶| नोंथाबुरी

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के बाहरी इलाके में स्थित एक हाई स्कूल में शुक्रवार सुबह एक छात्र द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हमलावर 14 वर्षीय छात्र था और उसने बाद में आत्महत्या कर ली। राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी में नौवीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। स्कूल पहुंचने से पहले छात्र ने अपने दादा-दादी की भी कथित तौर पर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर ने खुदकुशी कर ली।

हमलावर 14 साल के छात्र ने आठ की हत्या के बाद की खुदकुशी



पढ़ाई को लेकर था तनाव

प्रधानमंत्री ने बताया कि हमलावर छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर बहुत ज़्यादा मानसिक तनाव में था। उसके करीबी दोस्तों ने भी पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ समय से पढ़ाई के दबाव को लेकर लगातार बातें कर रहा था। पुलिस जांच के दौरान परिवार के कई सदस्यों ने बताया कि छात्र आमतौर पर अकेला रहता था और पढ़ाई में अच्छा था।

चीन के झूठ को जड़ से उखाड़ने का किया इंतजाम

अरुणाचल की 27 जगहों को मिली पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत सरकार ने अरुणाचल प्रदेश पर बार-बार बेबुनियाद दावा ठोकने वाले चीन को कड़ा कूटनीतिक और रणनीतिक जवाब दिया है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के परामर्श से अरुणाचल प्रदेश के 27 प्रमुख स्थानों और भौगोलिक संरचनाओं को भारतीय सर्वेक्षण विभाग के आधिकारिक नक्शे पर उनके मानक भारतीय नामों के साथ औपचारिक रूप से दर्ज कर दिया है। 7 अगस्त 2026 को गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस आधिकारिक आदेश के तहत अब इन सभी 27 इलाकों को भारतीय नक्शे पर आधिकारिक पहचान दे दी गई है। सरकार चाहती है कि देश ▶▶|शेष पेज 7 पर



जानिए इन 27 जगहों के बारे में

यह 27 जगहें हैं, जमीनी इलाके वाली, लोंगजू, माजा, बीसा, बड़ा कुंदुम, छोटा कुंदुम, धान बाड़ी, प्रीतानगर, बुद्धामंदिर, जयरामपुर, तेरितनगर, रामनगर, सागर, पद्मा, ज्योतिनगर, बैशाखी, छोटा रोपुक, बड़ा रोपुक, शिवाजी नगर, सुनपुरा, कमलेश नगर हैं। मोनूमेंट इलाके में एकमात्र शेर-ए-थापा मेमोरियल है। झील में संभो सरोवर है। वहीं, दर्रा में, जो ला, रिजा ला, पुकुर ला, ठग ला के नाम शामिल हैं।

चीन की घुसपैठ पर सरकार अलर्ट

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ऊपरी सुबनसिरी जिले के तकसिंग क्षेत्र में कथित चीनी घुसपैठ की खबरों का सत्यापन भारतीय सेना और स्थानीय लोगों के साथ करेगा। इसके बाद ही कोई निष्कर्ष निकालेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह बिना तथ्यात्मक पुष्टि के, ऐसी खबरों पर विश्वास नहीं करते। खांडू ने यहां एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहाकि मैंने नाह वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को बुलाया है और व्यक्तिगत रूप से मामले का सत्यापन करूंगा।


प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
छत्तीसगढ़ सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित
अब प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाईये बजाज जनरल इंश्योरेंस के साथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ
बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026
अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी
खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें
धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी
योजना के मुख्य बिंदु :
कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे
योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।
ऋणी कृषक: ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-Out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।
अऋणी कृषक: अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।
योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।
स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।
PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।
योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें
FARMITRA
बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व में बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना गया था), बजाज इंश्योरेंस हाउस, एयरपोर्ट रोड, येरवडा, पुणे - 411006 । आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: 113 • सीआईएन: U66010PN2000PLC015329 • यूआईएन: IRDAN113CP0001V02201617 (सीएसएलबीयाब) • www.bajajgeneralinsurance.com • टोल फ्री नंबर: टेल्स - 1800 209 0144 / सर्विस - 1800 209 5858 • अधिक जानकारी के लिए मोबिल फारस, विषय और जरूरी को जानने के लिए कृपया विवरणिका पढ़े, यह सुनिश्चित करने से पहले। IBGI-D-1092/08-07-2026
लोगो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीयाब), छत्तीसगढ़ शासन, फार्मसिक चैरिटेबली बोर्ड एक विवरणात्मक लोगो है, जिसका उपयोग उत्पाद के उद्देश्य को प्रतिष्ठापित करने और सरलीकृत करने के लिए किया जाता है, और यह कंपनी का व्यापार लोगो नहीं है।
100% BAJAJ

खबर संक्षेप

ट्रैक्टर ने छात्रा को कुचलने के बाद 20 फीट तक घसीटा, क्षेत्र में शोक और आक्रोश

महासमुंद। मोहकम की छात्रा भोज कुमारी निषाद (14) को बुधवार सुबह स्कूल जाते समय रेत से लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से पूरे मोहकम और सिरपुर क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कक्षा आठवीं में अध्ययनरत भोज कुमारी रोज की तरह सुबह करीब 9 बजे साइकिल से मोहकम से सिरपुर स्थित स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे रेत से लदे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 एफ बी 2712 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर ने छात्रा को कुचलने के बाद करीब 20 फीट तक घसीट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया।

कंटेनर में टकराकर ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक सवार के ऊपर पलटा

राजनांदगांव। नेशनल हाईवे में दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। गुरुवार को दोपहर तेज गति व लापरवाही से भागती ट्रक ने पहले एक खडी कंटेनर को ठोकर मारा। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर आगे जाकर बाइक सवार के ऊपर पलट गया। इस दर्दनाक घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। काफी मशक्कत बाद पुलिस ने बाइक सवार को बाहर निकाला। पुलिस सूत्रों के अनुसार उक्त घटना तुमडीबोड पुलिस चौक क्षेत्र के नाथूनवागांव के पास गुरुवार को दोपहर लगभग ढाई-तीन बजे की बताई गई है। बताया गया कि नेशनल हाईवे में नाथूनवागांव के पास एक कंटेनर खड़ी हुई थी। इसी दौरान तेज गति एवं लापरवाही से भागती ट्रक ने खड़ी कंटेनर से टकराया। जिससे कंटेनर सड़क से खेत में उतर गई। ठोकर मारने के बाद अनियंत्रित हुई ट्रक आगे जाकर सड़क पर बाइक में गुजर रहे व्यक्ति के ऊपर पलट गई।

15 फीट लंबा अजगर का किया गया रेस्क्यू



कांकेर। शहर के माहुरबंदपारा स्थित स्कूल के पीछे बीती रात उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब करीब 15 फीट लंबा विशाल अजगर सड़क पर रेंगता हुआ दिखाई दिया। सड़क से गुजर रहे लोगों की नजर जैसे ही अजगर पर पड़ी, उन्होंने सुरक्षित दूरी बनाते हुए इसका वीडियो बनाया और तत्काल स्नैक कैचर को जानकारी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे स्नैक कैचर ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात माहुरबंदपारा स्कूल के पीछे सड़क पर अचानक विशालकाय अजगर सड़क से गुजरता हुआ दिखाई दिया।

स.लोहारा के बिलहरी बांध के तटबंध में आई दरारें, मिट्टी का कटाव बढ़ा, दहशत

मैकल पर्वत श्रृंखला के घने जंगलों के बीच स्थित बिलहरी बांध लगातार बारिश के बाद खतरे के मुहाने पर पहुंच गया है। बांध पूरी क्षमता तक भर जाने से तटबंध पर जलदाब बढ़ गया है, जिसके चलते कई स्थानों पर दरारें उभर आई हैं और मिट्टी का रिसाव लगातार जारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रिसाव के कारण तटबंध की मिट्टी नीचे स्थित खेतों तक पहुंचने लगी है। हालात को देखते हुए आसपास के गांवों के लोगों में भय और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते तटबंध की प्रभावी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों के अनुसार तटबंध के कमजोर होने की स्थिति में आसपास के गांवों की कृषि भूमि, निचले इलाकों तथा जन-धन को भारी नुकसान पहुंच सकता है। इसके साथ ही नगर पंचायत सहसपुर लोहारा की जलापूर्ति एवं निस्तारी व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है, क्योंकि बिलहरी बांध ही क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत है।

बारिश में लबालब बांध, तटबंध कमजोर होने से जन-धन, खेती में मंडरा रहा खतरा



मरम्मत परियोजना के संचालित नहीं

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद पंचायत सदस्य लीला धनुक वर्मा ने भी जल संसाधन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाल ही में आयोजित जनपद सामान्य सभा की बैठक में जब क्षेत्र के बांधों की सुरक्षा, निरीक्षण और मरम्मत कार्यों के संबंध में जानकारी मांगी गई तो विभाग की ओर से किसी विशेष मरम्मत परियोजना के संचालित नहीं होने की बात कही गई। उनका कहना है कि जब बिलहरी बांध के तटबंध में दरारें और मिट्टी का रिसाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है, तब विभाग का यह जवाब वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से बिलहरी बांध की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, तटबंध की युद्धस्तर पर मरम्मत शुरू करने, मिट्टी के रिसाव को तत्काल रोकने, जिले के सभी प्रमुख बांधों का सुरक्षा ऑडिट कराने तथा वर्षा ऋतु के दौरान नियमित तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के समक्ष रखी मांगे

ग्रामीणों ने बिलहरी बांध की मौजूदा स्थिति में को देखते हुए उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराए जाने, तटबंध की आपातकालीन मरम्मत युद्धस्तर पर शुरू कराने, मिट्टी के रिसाव को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने, जिले के सभी प्रमुख बांधों का विशेष सुरक्षा ऑडिट कराए जाने तथा वर्षा ऋतु के दौरान नियमित तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन मांगों पर तत्काल अमल नहीं हुआ तो भविष्य में गंभीर दुर्घटना और भारी जन-धन हानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

विसंगति बनी चर्चा का विषय : शिक्षकों के युक्तियुक्त समायोजन की उठी मांग

3 विद्यार्थियों पर 2 शिक्षक, दर्जनों छात्र वाले कई स्कूल चल रहे एक शिक्षक के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सराईटोला के आश्रित गांव चटरीबाहरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय इन दिनों शिक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा में है। वर्ष 2005 में स्थापित इस विद्यालय में समय के साथ छात्र संख्या लगातार घटती गई।

जानकारी के अनुसार,छात्र संख्या 10 से अधिक नहीं पहुंचने के कारण विद्यालय को पूर्व में बंद कर अन्य व्यवस्था के तहत संचालित किया गया था। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यालय में केवल 3 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 2 छात्र और 1 छात्रा शामिल हैं। वहीं इन तीन विद्यार्थियों के लिए 2 शिक्षकों की पदस्थापना होने से संसाधनों के उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2025 में भी इस विद्यालय में केवल 4 विद्यार्थी दर्ज थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले के कई शासकीय विद्यालय ऐसे हैं जहां छात्र संख्या अधिक होने के बावजूद केवल एक शिक्षक के भरोसे शिक्षण कार्य संचालित हो रहा है। इसके विपरीत मात्र तीन विद्यार्थियों वाले विद्यालय में दो शिक्षकों की तैनाती शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। लोगों का मानना है कि शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों की छात्र संख्या का आकलन कर शिक्षकों का युक्तियुक्त समायोजन करना चाहिए, ताकि जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है वहां पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था हो सके। इससे संसाधनों का संतुलित उपयोग होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा।





झुंड से बिछड़े सांभर का शिकार करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण मानपुर वन परिक्षेत्र में सांभर के शिकार के मामले में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की है। डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में तीन आरोपी को फॉरेस्ट अमले ने भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत हिरासत में लिया है।

बीते गुरुवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर बिना देर किए फॉरेस्ट की टीम ने औंधी क्षेत्र के दक्षिण वन परिक्षेत्र के ग्राम रेंगाटोला में दबिश देकर वन्य प्राणी सांभर का शिकार कर उसके अभिन्न अंगों को पीस-पीसकर मांस पका रहे तीन आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया है। सूचना मिलते ही डीएफओ दिनेश पटेल के निर्देश में तत्काल मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने पका हुआ सांभर का मांस व शिकार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर तीन आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालयीन अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। सांभर के शिकार के इस मामले में रेंज अफसर प्रवीण कुमार देहारी, वनपाल कोमल सिंह, वनपाल नरेंद्र साहू, वनपाल वेंकटेश्वर साहू, वनरक्षक त्रिलोक सिंह, वनरक्षक लोकेश ध्रुव, वनरक्षक द्वारिकाधीश वर्मा, वनरक्षक राजेश कुमार महलागे की भूमिका अहम रही।

जंगल से भटककर खेत में फंसा सांभर

कथित सांभर के शिकार के मामले में फॉरेस्ट अमले के जांच में सामने आया कि औंधी क्षेत्र के दक्षिण वन परिक्षेत्र के मेढा बुजुर्ग कंपार्टमेंट 1076 में वन्य प्राणी सांभर झुंड से बिछड़कर गांव के सरहद में पहुंच गया, जहां गांव के फालतू कुत्ते उसे दौड़ाते रहे। इस दौरान सांभर भागते हुए खेत के कीचड़ में फंस गया, जिसे रेगाटोला गांव के तीन आरोपियों ने कुल्हाड़ी से मारकर देर रात मांस पका रहे थे और आधा मांस खा गए थे। इसी दौरान फॉरेस्ट अमले ने छापामार कार्रवाई करते आरोपी काजूराम के घर में दबिश देकर शिकार में शामिल तीन आरोपियों को दबोच लिया।

स्कार्पियो से तस्करी, साढ़े 30 लाख का गांजा जब्त, नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्कार्पियो से गांजा की तस्करी कर रहे नाबालिग समेत दो लोगों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से साढ़े 30 लाख रुपए का 61 किलो शुद्ध गांजा बरामद किया है। मामले आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बसना पुलिस की टीम पलसापाली बेरियर में आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान महिंद्रा स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एडी 4448 वहां आई, पुलिस को देखकर वाहन चालक घबरा गया। पूछताछ करने पर वाहन के पीछे 03 छोटी बड़ी बोरियों में गांजा होना बताया। वहीं संदेही का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम आशीष कुमार साहू पिता रामप्रसाद साहू (21 साल) मुंडा भरारी थाना कोटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ होना बताया। वहीं दूसरा संदेही विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) था। पुलिस ने तलाशी के दौरान वाहन से कुल 61.300 किग्रा शुद्ध गांजा कीमत 30,50,000 रुपए को बरामद किया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन वाहन कीमत 7,00,000 रुपए, एक नग आईफोन मोबाईल कीमत 20,000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख)(ii)(सी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

दस लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। ग्राम लोहड़ीपुर में एक व्यक्ति के कब्जे से बसना पुलिस ने दस लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर आरोपी लोचन प्रसाद टंडन पिता भोजराम टंडन (51 वर्ष) लोहड़ीपुर की बाड़ी से करीबन 10 लीटर हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

पशुपालकों को सस्ती दर पर मिलेंगी जेनेरिक पशु औषधियां

धमतरी। पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित लाइवस्टोक हेल्थ एंड डिसीज कंट्रोल प्रोग्राम अंतर्गत पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती पशु औषधियां उपलब्ध कराने की दिशा में जिले में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में पशु औषधि विक्रय केंद्र की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदन के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण कर लिया गया है। विकासखंड धमतरी से प्राप्त पीएवीके आवेदन पोर्टल पर स्वीकृत होने के पश्चात आवेदन की अर्हता पूर्ण करने के लिए प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन 6 अगस्त को उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला धमतरी द्वारा किया गया। इस दौरान पीएवीके आवेदक देवेश सिन्हा सिन्हा कृषि केंद्र ग्राम कोलियरी विकासखंड धमतरी तथा फार्मासिस्ट प्रतीक वाटवानी धमतरी उपस्थित रहे।

पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण में मदद : उल्लेखनीय है कि छग राज्य में अब तक पोर्टल पर स्वीकृत आवेदनों में दस्तावेज सत्यापन के चरण तक पहुंचने वाला यह एकमात्र आवेदन है, जिससे जिले को इस पहल में अग्रणी अवसर मिला है। पीएवीके का संचालन प्रारंभ होने के बाद विकासखंड धमतरी क्षेत्र के पशुपालकों को जेनेरिक पशु औषधियां सस्ती एवं उचित दरों पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी। इससे पशुओं के उपचार में होने वाले खर्च को कम करने, समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने तथा पशुधन के स्वास्थ्य संरक्षण में मदद मिलेगी।

आपत्तिजनक साहित्य बांटने पहुंचे अनुयायियों को हिंदू संगठनों ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



श्रावण मास में गांव-गांव में कथित आपत्तिजनक साहित्य के वितरण को लेकर 2 अगस्त रविवार को ग्राम सपोस में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। संत रामपाल के अनुयायियों द्वारा घर-घर जाकर किताबें बांटे जाने की सूचना पर सर्व हिंदू समाज और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और इसका विरोध करते हुए पुस्तक वितरण पर आपत्ति जताई। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक गहमागहमी और बहस चली, जिसके बाद स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी।

जानकारी के अनुसार बजरंग दल के पदाधिकारी कमलेश डड़सेना को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम सपोस में संत रामपाल की विचारधारा से जुड़ी पुस्तकें बांट रहे हैं। सूचना मिलते ही वे सर्व हिंदू समाज के स्थानीय प्रतिनिधियों और गौ सेवक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। डड़सेना ने कहा कि गांवों में इस तरह भ्रामक साहित्य बांटकर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है, जो सीधे हमारी आस्था पर हमला है। संगठन के गीतेश पंडा ने कहा कि इन पुस्तकों में सनातन धर्म, हिंदू देवी-देवताओं, धर्मगुरुओं और मूर्ति पूजा के संबंध में कथित आपत्तिजनक बातें लिखी हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RWD/SD/GODDA/10/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्रम	प्रखंड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Boarijore	Construction of 50 Beded Hostel For Residential Upgraded High School At Boarijore At Boarijore.	2,68,99,550.00	5,38,000.00	10,000.00	12 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.08.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.08.2026 से दिनांक 05.09.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गोड्डा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.09.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9771979309
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. ई निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. किसी भी निविदाकार के यंत्र–संयंत्र एवं बिड क्षमता के मापदंडों पर प्रत्येक में सक्षम होने पर ही तकनीकी योग्यता पर विचार किया जायेगा।
13. जिस संवेदक का विभाग में पूर्व आवंटित कोई कार्य लंबित है अथवा उनका कार्यान्वयन संतोशजनक नहीं रहा है, उन्हें कार्य आवंटन पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. किसी भी संवेदक को कार्य आवंटन के उपरांत सबलेट करना एकरारनामा शर्त्त का उल्लंघन होगा एवं समुचित सूचना प्राप्त होने पर एकरारनामा रद्द करते हुए संवेदक को काली सूची में डालने की कार्रवाई की जायेगी।
15. किसी भी संवेदक के कार्य आवंटन के क्रम में उनके ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत कुल कार्य भार के आलोक में उपलब्ध यंत्र–संयंत्र एवं वित्तीय क्षमता की सीमा तक नये कार्य आवंटन पर विचार किया जायेगा।
15. पथ निर्माण विभाग, झारखंड, राँची का पत्र संख्या 2146 (S) दिनांक 09.09.2020 में निहित प्रावधान के आलोक में निविदा की कार्यवाही की जा रही है।
16. आमंत्रित निविदा के समय निर्धारण के लिए JPWD Code 2012 के Para-159a का अनुपालन किया गया है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR 386901 (Rural Development) 26-27 (D)

नांदघाट से मुंगेली तक 36 किमी सड़क होगी फोरलेन, 138 करोड़ रुपए मंजूर

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नवागढ़

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए लंबे इंतजार के बाद बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र की बहु प्रतीक्षित नांदघाट से मुंगेली जिला मुख्यालय तक की टू-लेन सड़क अब फोरलेन में तब्दील होगी। राज्य शासन ने 36.40 किलोमीटर लंबी सड़क के उन्नयन के लिए 21 करोड़ 81 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। सड़क के फोरलेन में उन्नयन से बेमेतरा ,नवागढ़ और मुंगेली जिले के बीच आवागमन अधिक सुगम होने के साथ ही क्षेत्र के लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा मिलेगी। इस बहुप्रतीक्षित सड़क के लिए नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल लंबे समय से प्रयासरत थे। क्षेत्रवासियों की मांग को लगातार शासन के समक्ष उठाते हुए उन्होंने सड़क के उन्नयन के लिए प्रयास जारी रखे।

वर्षों से सड़क के चौड़ी करण और बेहतर यातायात व्यवस्था की मांग कर रहे लोगों को अब शासन की स्वीकृति के बाद बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

वर्षों से उठ रही थी फोरलेन की मांग

नांदघाट-मुंगेली मार्ग पर लगातार बढ़ते यातायात को देखते हुए क्षेत्रवासी लंबे समय से सड़क को फोरलेन करने की मांग कर रहे थे। वर्तमान टू-लेन सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ने से लोगों को कई बार आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था। सड़क के चौड़ीकरण से न केवल यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका में भी कमी आने की संभावना है। इसके साथ ही व्यापार, परिवहन और क्षेत्रीय आवागमन को भी गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मंत्री दयाल दास बघेल ने इस मांग को प्राथमिकता देते हुए लगातार शासन स्तर पर पहल की।

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN - U40108CT2003SGC015820

Office- Chief Engineer (HR) Website- www.cspc.co.in, E-Mail- hr.csphcl@cspc.co.in Phone- 0771-2574700

No. 01-01/HR-VIII/I/56990/2026 Raipur, Date : 07.08.2026

NOTICE FOR RECRUITMENT

Online applications are invited for various posts in Chhattisgarh State Power Distribution (CSPDCL), Transmission (CSPTCL) & Generation (CSPGCL) Company Limited as per details given hereunder :-

NAME OF POSTS/ DISCIPLINE AND NUMBER OF VACANCIES:

Post/ Branch/ Post Code	Category-wise Details				
	UR	ST	SC	OBC	Total
CSPGCL					
ASSISTANT ENGINEER (GEN) (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)					
MECHANICAL	10	10	3	3	**26**
ELECTRICAL	10	10	2	2	**24**
ELECTRONICS	2	2	1	1	**6**
COMPUTER SCIENCE	1	1	0	0	**2**
INFORMATION TECHNOLOGY	1	1	0	0	**2**
FIRE OFFICER (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	1	0	0	0	**1**
SECURITY OFFICER (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	1	1	0	1	**3**
SHIFT CHEMIST(Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	2	2	0	2	**6**
CSPDCL					
ASSISTANT ENGINEER (T&D) (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)					
ELECTRICAL	44	4	4	14	**66**
PROGRAMMER (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	2	0	0	1	**3**
CSPDCL / CSPGCL / CSPTCL					
ACCOUNTS OFFICER/ASSTT. MANAGER (F&A) (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	7	5	2	1	**15**
MEDICAL OFFICER (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	5	6	2	2	**15**
ASSISTANT ENGINEER (CIVIL) (Pay-scale O-1 – 56,100 - 1,44,300) (Post Code-)	17	1	0	2	**20**

1.The detailed advertisement regarding the terms and conditions related to the posts and method of online application for the examination, instructions regarding conduct of the examination will be uploaded separately on our website "www.cspc.co.in". **2.**Reservation in the above recruitment and selection process will be subject to the guidelines issued by GAD, GoCG Circular no. F 13/1/2023/A.P./1-3 Nava Raipur dated 03-05-2023 and the final outcome of SLP (C) 19668/2022 of Supreme Court. **3.**The number of vacant posts can be changed.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (HR)
CSPTCL:RAIPUR

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE PRICE YOU SEE TODAY WON'T WAIT FOR TOMORROW.

Drive home your favourite **GRAND VITARA** before the price hike.



EFFECTIVE PRICE | ₹9.32 LAKH^

GRAND VITARA


PREMIUM INTERIORS


AUTO PURIFY WITH PM2.5 DISPLAY


8-WAY DRIVER POWERED SEAT


EV MODE


6 AIRBAGS AS STANDARD

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

Applicable T&C available at your nearest dealership. ^Ex. showroom Price of ₹ 10.77 lakh, Consumer Offer (-) ₹ 50 000, Maximum Exchange Bonus (-) ₹ 55 000, Loyalty Upgrade Bonus (-) ₹ 20 000, Corporate Offer (-) ₹ 20 000 = Effective Price of ₹ 9.32 lakh. Exchange bonus applicable on Grand Vitara Sigma variant for vehicles aged 0–6 years; benefit may vary basis vehicle age, condition, and offer terms. Offer valid on Grand Vitara Sigma variant. The actual effective price may vary based on a customer's eligibility, and applicable offers and pricing available at the time of purchase. Offers are subject to availability of stock, and valid till limited period. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Prices and savings mentioned are for select variants and may vary across cities/variants. Creative visualisation. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Vehicle image displayed is of Grand Vitara Strong Hybrid Alpha+(O), variant specific features may vary. For details on safety features, including airbags, refer to the owner's manual.

चिंतन

प्रश्न पत्र बनाने की पूरी व्यवस्था में हो बदलाव

नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट ने परीक्षा व्यवस्था की उस कमजोरी को उजागर किया है, जिस पर अब तक पर्याप्त गंभीरता से विचार नहीं हुआ था। सवाल केवल पेपर लीक का नहीं, उस भरोसे का है जिस पर देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं का पूरा तंत्र टिका है। कहावत है कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे तो खेत की रखवाली किससे की जाए? नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट से सामने आए आरोपों ने इसी सवाल को एक बार फिर प्रासंगिक बना दिया है। जांच एजेंसी के मुताबिक प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया से जुड़े विशेषज्ञों ने कथित तौर पर प्रश्नों को याद किया और बाद में इन्हीं प्रश्नों को लीक करने में उनकी भूमिका रही। यदि जांच में सामने आए ये आरोप अदालत में भी प्रमाणित होते हैं तो यह केवल कुछ लोगों की बेईमानी का मामला नहीं होगा, बल्कि परीक्षा की पूरी गोपनीयता व्यवस्था की गंभीर कमजोरी मानी जाएगी। नीट जैसी परीक्षा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का फैसला करती है। देश के छोटे शहरों और गांवों में रहने वाले लाखों परिवार वर्षों तक अपने बच्चों की पढ़ाई पर पैसा और समय लगाते हैं। विद्यार्थी दिन-रात मेहनत करते हैं और उन्हें उम्मीद होती है कि परीक्षा में उनके ज्ञान और मेहनत का मूल्यांकन होगा। ऐसे में यदि किसी को प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाए तो नुकसान केवल उन विद्यार्थियों का नहीं होता जो परीक्षा में पीछे रह जाते हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर चोट होती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रश्नपत्र की गोपनीयता सुनिश्चित करना है। व्यवस्था को व्यक्ति-आधारित भरोसे से आगे बढ़ाकर तकनीक और बहुस्तरीय सुरक्षा पर आधारित करना होगा। सबसे पहला सुधार प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में किया जा सकता है। एक विशेषज्ञ को पूरा प्रश्नपत्र देखने या तैयार करने की जिम्मेदारी देने के बजाय प्रश्नों का बड़ा बैंक तैयार किया जाए। हजारों-लाखों प्रश्नों का एक सुरक्षित डिजिटल बैंक हो और परीक्षा से ठीक पहले अत्यंत सीमित समय में अत्याधुनिक एन्क्रिप्टेड प्रणाली के जरिए अलग-अलग प्रश्नों का चयन कर प्रश्नपत्र तैयार किया जाए। अंतिम प्रश्नपत्र किस क्रम में बनेगा, उसमें कौन से प्रश्न आएंगे, इसकी पूरी जानकारी किसी एक व्यक्ति के पास न हो। प्रश्नपत्र एक सुरक्षित एल्गोरिदम के जरिए तैयार हो और अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नों का क्रम भी अलग हो। हालांकि इसके लिए मजबूत तकनीकी और साइबर सुरक्षा ढांचा जरूरी होगा। दूसरा विकल्प यह है कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा के बीच का समय न्यूनतम किया जाए। पहले प्रश्नपत्र तैयार करके उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखना अपने आप में जोखिम पैदा करता है। इसलिए 'प्रिंट करके सुरक्षित रखने' की पुरानी व्यवस्था के बजाय परीक्षा के बेहद करीब प्रश्नपत्र को अंतिम रूप देने की व्यवस्था विकसित करनी होगी। एक उपाय यह हो सकता है कि प्रश्नपत्र तैयार करने वाले विशेषज्ञों की नियुक्ति में भी अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जाए। उनकी पृष्ठभूमि की स्वतंत्र जांच, हितों के टकराव की जांच और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं की जा सकती हैं। सबसे जरूरी बात यह है कि एनटीए को यह स्वीकार करना होगा कि परीक्षा की गोपनीयता केवल 'गोपनीय दस्तावेज' रखने से सुनिश्चित नहीं हो सकती। यह एक पूरी सुरक्षा-शृंखला है। प्रश्न बनाने से लेकर प्रश्नपत्र तैयार करने, सुरक्षित रखने, छपाई, परिवहन और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की हर कड़ी मजबूत होनी चाहिए। किसी एक कड़ी में सेंध पूरी व्यवस्था को विफल कर सकती है।



मुद्दा
रोहित माहेश्वरी

संसद का मानसून सत्र हंगामे के हवाले

देश के बड़े समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि सड़कें अगर खामोश रहेंगी तो संसद आवारा हो जाएगी। उनका मतलब ये था कि किसी भी लोकतंत्र को जगाए रखने के लिए जनता को खुद जागते रहना होगा। देश की जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

जनता देख रही है कि कैसे उनके प्रतिनिधि चर्चा से ज्यादा शोर-शराबे और हंगामे में रुचि ले रहे हैं। हर मिनट संसद चलाने में खर्च हो रहा है। आम आदमी के मुद्दे और आवाज संसद से गायब है। संसद में पक्ष-विपक्ष के बीच नूरा कुश्ती जारी है। उम्मीद थी कि संसद का मानसून सत्र हंगामाखेज होगा, क्योंकि पेपर लीक के अलावा, राम मंदिर में चंदा-चढ़ावा चोरी, ई-20 एथेनॉल विवाद, परिसीमन, दलबदल सरीखे मुद्दे जन-सरोकार, लोकतांत्रिक शुचिता और आम आदमी की आस्था से जुड़े थे। यह भी अपेक्षा की जा रही थी कि जन-सरोकार के इन मुद्दों पर संसद में सार्थक, संरचनात्मक चर्चा होगी, लेकिन पेपर लीक से जुड़े बिल पर ही हमारे सांसदों की क्षुद्र और विरोधाभासी राजनीति बेनकाब हो गई।

संसद पहले ज्यादा चलती थी। धीरे-धीरे राजनीति बढ़ती गई। हंगामा बढ़ता गया। चर्चा घटती गई। भारत की पहली लोकसभा 14 सत्र में 3784 घंटे तक चली थी, अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो 1974 तक लगातार बैठकों की संख्या हर लोकसभा कार्यकाल में 100 से ज्यादा रहीं। 1974 के बाद 2011 तक केवल 5 बार ऐसा हुआ कि सदन में बैठकों की संख्या 100 के पार गई। पहली लोकसभा में 333 बिल पास हुए थे। 17वीं लोकसभा यानी पिछली लोकसभा में 2019 से 2024 के बीच 222 बिल पास हुए। इस बार संसद में हंगामे के बीच जनता के लिए जरूरी बिल पास हुए हैं, लेकिन विपक्ष की तरफ से बिना चर्चा किए हुए। संसद के मानसून सत्र के पहले हफ्ते में भारी हंगामे और गतिरोध के कारण कामकाज बेहद कम हुआ है। सदन का अधिकांश समय हो हल्ले में बीत गया। अहम बिंदु यह है कि संसद की प्रत्येक कार्यवाही पर करीब हर मिनट में ढाई लाख रुपये खर्च का अनुमान है। आसान भाषा में समझें तो एक घंटे में डेढ़ करोड़ रुपये खर्च हो जाता है। संसद सत्र के 7 घंटों में एक घंटा लंच को हटाकर बचते हैं 6 घंटे। इन 6 घंटों में दोनों सदनों में केवल विरोध, हल्ला और शोर होता है, जिसके कारण हर मिनट में ढाई लाख रुपये बर्बाद हो रहे हैं। संसद में हंगामा होने के कारण आम आदमी का ढाई लाख रुपये हर मिनट बर्बाद होता है। संसद में बैठने वाले 93 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं, जिन्हें अभी एक लाख 24 हजार रुपये हर महीने वेतन मिलता है। संसदीय क्षेत्र भत्ता 84 हजार रुपये होता है। दैनिक भत्ता सांसदों का 2500 रुपये है। वेतन भत्ता जोड़कर हर सांसद को हर महीने दो लाख 54 हजार रुपये जनता के पैसे से दिया जाता है। सरकार का यह आरोप रहता है कि विपक्ष बिना किसी ठोस प्रक्रिया के जानबूझकर सदन में हंगामा करता है और कार्यवाही बाधित करता है। वहीं, विपक्ष का तर्क यह है कि सरकार उनकी आवाज़ को दबाना चाहती है और जनहित या राष्ट्रीय महत्व के जरूरी मुद्दों पर चर्चा से भागती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सांसद देश के दूर-दूर के कोनों से अपने लोगों की बात रखने आते हैं। करोड़ों लोगों की उम्मीदों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दिन का सत्र शुरू होते ही विपक्ष के कुछ सांसद जोर-जोर से नारेबाजी, टेबल पीटना, तालियां बजाना और चिल्लाना



शुरू कर देते हैं। अगर वे संसद चलने दें, तो अपने मुद्दे विपक्ष प्रश्न और शून्य काल के अलावा बिलों पर चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकता है। लेकिन इस तरह हर दिन सदन को न चलने देना संसद की गरिमा के ख़िलाफ़ है। विरोध आपका अधिकार है और मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछना आपका कर्तव्य, लेकिन इस तरह संसद में ये सब करके आप किसका भला कर रहे हैं? सारा देश हमें देख रहा है, हम उस सदन में बैठे हैं जहां देश के कई सबसे महान नेता कभी बैठते थे। उन्होंने देश के विकास की नींव रखी। विपक्ष के इस असहयोगात्मक रवैये के कारण जहां एक तरफ करोड़ों रुपयों की जनता की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी तरफ देशहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा भी नहीं हो पा रही है। हंगामे, शोर-शराबे और नोक झोंक के बीच लोकसभा में एंटी पेपरलीक संशोधन बिल ध्वनि-मत से पारित करना पड़ा। इस बिल पर 45 सांसदों ने, 10 से ज्यादा घंटे की बहस के दौरान, अपनी बात रखी और संशोधन भी पेश किए, लेकिन बिल पर मत-विभाजन तक नहीं कराया गया। यह लोकतंत्र की सूक्ष्म एवं महत्वपूर्ण अनिवार्यता है। संसद में सार्थक चर्चा और बहस का होना लोकतंत्र की जीवंतता के लिए अनिवार्य है। यदि सदन में गंभीर संवाद के बजाय केवल हंगामा या बिना चर्चा के कानून पास होने की प्रवृत्ति बढ़ती है, तो जनता का जवाबदेही और शासन प्रणाली से विश्वास उठने लगता है। वहीं, बिना पर्याप्त चर्चा के पारित विधेयक लोकतांत्रिक संस्थाओं की गहराई और गंभीरता को कम करते हैं। अहम सवाल यह है कि संविधान में संसद सत्र आयोजित किए जाने की जो व्यवस्था की गई है, क्या उसका मूल उद्देश्य पूर्ण हो पा रहा है? अगर किसी कानून या योजना को सक्षम एवं कारगर बनाने में विपक्ष की कोई भूमिका न हो, तो संसद की प्रासंगिकता क्या रह जाएगी? इसमें दोराय नहीं कि सदन को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की है। मगर जब विपक्ष कोई सवाल या समस्या उठाता है, तो उसका निराकरण करना सत्ता पक्ष का दायित्व होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष अपनी जवाबदेही से पल्ला नहीं झाड़ सकता। संसद के मानसून सत्र की अब तक की अवधि पर नजर डालें, तो हंगामा और कार्यवाही का स्थगन, इन्हीं दो बातों पर जोर दिया गया है। ऐसा लगता है कि स्थगन, कार्यवाही का पर्याय बन गया है। विपक्ष नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस कार्रवाई तथा राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दों को लगातार संसद में उठा रहा है और हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो जाती है। इस बीच महत्वपूर्ण विधेयक भी व्यापक चर्चा के बिना ही पारित हो जाते हैं।

विपक्ष का कहना है कि सरकार उनकी मांग को नजरअंदाज कर लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है, तो सत्ता पक्ष का दावा है कि विपक्ष जानबूझकर सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इसी का नतीजा रहा कि लोकसभा में उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 और राज्यसभा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक भी विस्तृत चर्चा के बगैर ही पारित कर दिए गए। इस तर्क-वितर्क और राजनीति के बीच संसद से सैकड़ों किमी दूर बुनियादी सुविधाओं से वंचित बैठा आम आदमी यह सोचता रहता है कि उम्मीद की कोई किरण तो जनप्रतिनिधि ही निकाल सकते हैं। यही आम आदमी इस भरोसे में रहता है कि जिन्हें चुनकर संसद भेजा है, वही सार्थक बहस करके नई अलख जगाएंगे, लेकिन जब वही प्रतिनिधि दलगत राजनीति और रणनीति के तहत संसद में चर्चा की बजाय हंगामा करते हैं तो वो आम आदमी की उम्मीदों को निर्दयता से तोड़ते दिखाई देते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

यूएस में इंडिया डे
महेन्द्र तिवारी



भारतीय प्रतिभा व परिश्रम का वैश्विक सम्मान

अमेरिकी राज्य मैसाचुसेट्स द्वारा 15 अगस्त को 'इंडिया डे' घोषित किया जाना महज एक प्रतीकात्मक घटना नहीं है, बल्कि यह व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और तकनीक के क्षेत्र में भारतीय समुदाय के विशेष योगदान को दी गई एक बड़ी आधिकारिक मान्यता है। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि स्वतंत्रता दिवस का जश्न अब केवल भारतीयों की भावनाओं तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक प्रमुख अमेरिकी राज्य द्वारा भारतीयों की अनवरत मेहनत और असाधारण प्रतिभा के प्रति प्रकट किया गया गहरा सम्मान भी है। अमेरिका को लंबे समय से अवसरों की भूमि कहा जाता रहा है। दुनिया के लगभग हर हिस्से से लोग एक बेहतर भविष्य की तलाश में वहां पहुंचे और अपनी कड़ी मेहनत तथा बौद्धिक क्षमता से उस महान राष्ट्र की प्रगति में समान भागीदार बने। इन्हीं तमाम प्रवासी समुदायों के बीच भारतीय मूल के अमेरिकी आज सबसे प्रभावशाली और सम्मानित समूहों में गिने जाते हैं। उनकी आबादी अमेरिका की कुल जनसंख्या का केवल डेढ़ प्रतिशत के आसपास है, लेकिन जब बात अर्थव्यवस्था, विज्ञान, चिकित्सा, अत्याधुनिक तकनीक, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीति की आती है, तो उनका प्रभाव उनकी संख्या के अनुपात से कहीं अधिक विशाल और स्पष्ट दिखाई देता है। यह स्थिति केवल कुछ व्यक्तियों की आर्थिक सफलता की कहानी भर नहीं है। यह इस तथ्य का एक जीवंत प्रमाण है कि शिक्षा, अथक परिश्रम और निरंतर नवाचार किसी भी समाज को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखते हैं। वर्तमान में भारतीय मूल के लोगों की आबादी पचास लाख के करीब मानी जाती है और यह समुदाय अमेरिका के सबसे शिक्षित तथा सर्वाधिक आय अर्जित करने वाले गिने-चुने समुदायों में शीर्ष पर विराजमान है। भारतीय अमेरिकी समुदाय की इस अपार सफलता की सबसे बड़ी और मूल शक्ति उनकी शिक्षा के प्रति गहरी निष्ठा है। उच्च शिक्षा और पेशेवर डिग्रियां प्राप्त करने वाले भारतीयों का अनुपात अन्य तमाम प्रवासी समुदायों की तुलना में बहुत अधिक है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, वित्त, कानून और गहन अनुसंधान जैसे जटिल क्षेत्रों में भारतीयों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की हैं और यही मुख्य कारण है कि उनकी औसत घरेलू आय अमेरिका की राष्ट्रीय औसत आय के आंकड़े से काफी ऊपर है। यह शानदार आर्थिक सफलता केवल व्यक्तिगत समृद्धि के दायरे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारी मात्रा में कर भुगतान, निवेश, उपभोग और नए रोजगार सृजन के माध्यम से यह सीधे तौर पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को एक बहुत मजबूत आधार प्रदान करती है। भारतीय अमेरिकी केवल बड़े पदों पर नौकरी करने या कॉर्पोरेट जगत में उच्च वेतन प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं रहे हैं। उन्होंने उद्यमिता और व्यापार के क्षेत्र में भी दुनिया को अपनी क्षमता का लोहा मनवाया है। प्रशासनिक व्यवस्था, न्यायपालिका और विभिन्न नीति निर्माण संस्थाओं में भी भारतीय मूल के विशेषज्ञों की निरंतर बढ़ती संख्या यह साबित करती है कि उन्होंने अमेरिका में केवल धन ही नहीं, बल्कि वहां के समाज का गहरा विश्वास और सम्मान भी अर्जित किया है। इस पूरी सफलता के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहलू भारतीय समुदाय की अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेज कर रखना भी है। भारतीय अमेरिकियों ने अपने त्योहारों, भाषाओं, पारंपरिक संगीत, नृत्य, योग, आयुर्वेद और अपने सुदृढ़ पारिवारिक मूल्यों को सात समंदर पार भी पूरी तरह से जीवित रखा हुआ है।

आज दीपावली, होली और स्वतंत्रता दिवस जैसे उत्सव केवल भारतीय समुदाय के घरों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अमेरिकी समाज के अन्य तमाम वर्ग भी पूरे उत्साह के साथ इनमें भाग लेने लगे हैं। यह सांस्कृतिक स्वीकार्यता विश्व पटल पर भारत की बढ़ती हुई सॉफ्ट पावर का एक बहुत बड़ा और प्रत्यक्ष प्रमाण है। मैसाचुसेट्स राज्य द्वारा 15 अगस्त को इंडिया डे घोषित किया जाना इसी गहरे सांस्कृतिक और सामाजिक प्रभाव का एक बहुत ही सुंदर परिणाम है। हार्वर्ड और एमआईटी जैसे संस्थानों वाले इस राज्य में यह घोषणा केवल एक सांकेतिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह उस दीर्घकालिक और बहुमूल्य योगदान की सार्वजनिक स्वीकृति है, जिसने पूरे अमेरिका के विकास में अपनी एक बहुत ही अमिट छाप छोड़ी है। अंततः यह कहानी केवल प्रवासियों की सफलता की नहीं है, बल्कि यह कड़े परिश्रम, गहरे सांस्कृतिक मूल्यों और वैश्विक स्तर पर मिले अवसरों के बेहतरीन समन्वय की वह प्रेरणादायक दास्तान है, जो यह साबित करती है कि भारतीय प्रतिभा पूरे विश्व को एक नई दिशा देने में पूरी तरह से सक्षम है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सफलता पाने मन पर अंकुश लगाना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है।

छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्र तट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

अंतर्मन



आज की पाती

महिलाओं में बढ़ता तंबाकू सेवन एक गंभीर चुनौती

देश में तंबाकू सेवन को लेकर सामने आए ताजा आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। विशेष रूप से महिलाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और स्वास्थ्य व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार देश के 13 राज्यों में महिलाओं द्वारा तंबाकू सेवन में वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति केवल महिलाओं के स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव परिवार, बच्चों और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। जिस समाज में महिलाएं परिवार की आधारशिला मानी जाती हैं, वहां उनका किसी भी प्रकार के नशे की ओर बढ़ना सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी कई नई समस्याओं को जन्म देता है। तंबाकू चाहे किसी भी रूप में लिया जाए, वह शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक होता है। - *महेश गुप्ता, भिलाई*

ट्रेंड

भारत का मान



सैंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज़ जीतने और अपना पहला ग्रैंड चेस टूर खिताब हासिल करने पर आर. प्रज्ञानंद को हार्दिक बधाई। टूर्नामेंट के दौरान आपके शानदार प्रदर्शन, बेहतरीन रणनीति और अटूट फोकस ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है।
- **देवेंद्र फडणवीस,** सीएम, महाराष्ट्र

'वंदे मातरम्'



'वंदे मातरम' भारत की राष्ट्रीय चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का शाश्वत भाव है। विधानसभा में इसकी गूंज हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखने और जन-कल्याण, सुशासन तथा 'विकसित दिल्ली' के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दिलाती है।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

व्यावहारिक समाधान



हमारी सरकार झारखंड सहित पूरे देश के छात्रों और युवाओं की समस्याओं के लिए ठोस और व्यावहारिक समाधानों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार सभी जिलों के छात्रों से राय और सुझाव लेगी, ताकि समाधान व्यापक और समावेशी हों।
- **हेमंत सोरेन,** सीएम, झारखंड

ई-20 का फैसला



सरकार से ई20 का फैसला वापस करवाने का एक आसान तरीका है: गोवा चुनाव में बीजेपी को हराने व उनके अति-आत्मविश्वास को तोड़ने के लिए एकजुट हों। मैं गारंटी देता हूँ कि चुनाव नतीजों के पाँच दिनों के भीतर सरकार ई 20 को वापस ले लेगी।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

बोस्टन में मनेगा भव्य स्वतंत्रता दिवस समारोह

बोस्टन में भारतीय-अमेरिकी समुदाय भारत के स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ है। इस अवसर पर भव्य परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो भारत और अमेरिका के बीच मजबूत साझेदारी को भी प्रदर्शित करेंगे। 'फाउंडेशन ऑफ इंडियन-अमेरिकन्स' (एफआईए)- न्यू इंग्लैंड द्वारा नौ अगस्त को बोस्टन में 5वीं 'इंटरनेशनल इंडिया डे परेड' आयोजित की जाएगी। इसे न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में भारत के स्वतंत्रता दिवस, उसकी सांस्कृतिक विरासत और भारत-अमेरिका की स्थायी मित्रता के सबसे बड़े आयोजनों में से एक माना जाता है। एफआईए-न्यू इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत की स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित इस वर्ष की परेड का विषय 'स्वतंत्रता का उत्सव एवं अमेरिका-भारत मित्रता' रखा गया है। परेड में 15 आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके साथ ही एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सामुदायिक संगठनों, पूर्व सैनिकों, आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों और न्यू इंग्लैंड के भारतीय-अमेरिकी समुदाय की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों लोगों की भागीदारी होगी।



ऑफ बीट

संतान को पालने मजबूत साझेदार बनाते हैं पक्षी

कई अन्य प्रजातियों में भी संतान को पालने के लिए दीर्घकालिक साथी चुनने की ऐसी ही व्यवस्था है। जब ये जोड़े अलग हो जाते हैं तो इसका क्या प्रभाव पड़ता है? अधिकतर पक्षी जोड़े के रूप में संतानों को पालने के लिए मजबूत साझेदारी बनाते हैं। शिशु पक्षियों को पालना एक गहन काम है। घोंसले में दोनों (माता-पिता) का होना अकसर चूजों के जीवित रहने के लिए आवश्यक होता है। सेशेल्स वार्बलर प्रजाति भी इसका कोई अपवाद नहीं है। ये छोटे आकार के गीत पक्षी केवल मेडागास्कर के उत्तर-पूर्व में सेशेल्स में रहते हैं। ये अकसर जीवन भर के लिए जोड़ी बनाते हैं और एक साथ मिलकर रहते हैं। छोटे आकार की इस चिड़िया की सबसे लंबी साझेदारी 15 साल दर्ज की गई है। हालांकि, इन वार्बलर के लिए भी पारिवारिक जीवन हमेशा सही नहीं होता। सभी वार्बलर जोड़ों में से, लगभग सात में से एक (14 प्रतिशत) अलग हो जाते हैं। इन मामलों में, माता-पिता में से एक अपना क्षेत्र छोड़ देता है और अन्यत्र नया साथी ढूंढता है, जबकि उनके मूल घोंसले में अब भी अंडा या नवजात बच्चा मौजूद होता है। हमने उन पक्षियों के बच्चों के तनाव के स्तर को मापा जो अपने माता-पिता के रिश्ते के खत्म होने से ठीक पहले पैदा हुए थे।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग,सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::

दिनांक 03.08.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा 'डी' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 18.08.2026 तक है।

स. क्र.	एन.आई.टी. क्र. / निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	NIT No. 55Tender No. 196718	एस.ई.सी.एल. रायगढ़ क्षेत्र के सी.एस.आर. के अंतर्गत खरसिया-छाल मार्ग पर मांड नदी पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल (चन्द्रशेखर सेतु) का विशेष मरम्मत (जमा मद) कार्य। (पंचम आमंत्रण)	रू. 84.46 लाख
2	NIT No. 56Tender No. 196719	खरसिया में गौरपार गेट रेल्वे ओवर ब्रिज से पुराने रेल्वे क्रासिंग तक शंभू लकड़ी टाल से पुरसेठ पटवारी मकान तक (जी.आई. एवं डी.आई) पाइप लाईन उपलब्ध कराने तथा बिछाने हेतु कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 63.20 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल **https://eproc.cgstate.gov.in** अथवा विभागीय वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पर एनेक्सर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसिटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एन.आई.टी. के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नं. एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. सेतु मण्डल, रायगढ़

G-262702622/1

आउटसाइडर कहे जाने पर छलका दर्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उनका दर्द छलका है और वह इसलिए, क्योंकि उन्हें 'आउटसाइडर' कहा जाता है। भोजपुरी अभिनत्री काजल



राघवानी भोजपुरी सिनेमा जगत का चर्चित नाम हैं। उन्होंने 80 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। फिलहाल वे रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने ऐसे लोगों को जवाब दिया है, जो उन पर आरोप लगाते हैं कि वे खुद को 'गुजराती' और 'आउटसाइडर' बताकर काम मांगती हैं। काजल राघवानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया कि आखिर किसने उन्हें 'आउटसाइडर' कहा है? मगर, एक लंबा नोट लिखकर जवाब दिया है। उनका दर्द इस बात को लेकर छलका है कि कुछ लोग उन पर यह आरोप लगाते हैं कि वे आउटसाइडर होने का विक्टिम कार्ड प्ले करती हैं। साझा किए गए पोस्ट में काजल लिखती हैं, 'मैं गुजराती हूं। मैं बाहरी हूं। मैं रो-रोकर काम मांगती हूं या सहानुभूति ले रही हूं।



द पैराडाइज का धमाकेदार टीजर रिलीज...

नई दिल्ली। ''द पैराडाइज' इस वक्त पैन इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। फिल्म में नेचुरल स्टार नानी लीड रोल में हैं और इसका निर्देशन चर्चित फिल्ममेकर श्रीकांत ओडेला ने किया है। 'दसरा' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद दोनों एक बार फिर साथ आए हैं, जिससे यह फिल्म भारतीय सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शामिल हो गई है। कई महीनों के इंतजार के बाद मेकर्स ने आखिरकार 'द पैराडाइज' का धमाकेदार टीजर रिलीज कर दिया है। टीजर शुरुआत से लेकर आखिर तक दमदार एक्शन और ड्रामे से भरपूर है। श्रीकांत ओडेला ने स्लम के बैकग्राउंड पर एक भव्य और रॉ दुनिया की झलक दिखाई है। टीजर में नेचुरल स्टार नानी बेहद दमदार और खौफनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-191 /1311 Raipur, Dtd 06/ 8 /2026

E-TENDER NOTICE NO. TN-191/2026-27

Online bids are invited for Supply/ work as mentioned below:-

S. No.	Tender no. /RFx no.	Description	Submission Date & time
1.	HW-244/26-27 8100053398 (With RLA)	Daily Cleaning of all floors of Boiler, feeder floor 6-meter, 11 meter, columns, beams, staircases, pipelines, ducts sheets, grills, railings, etc. of PH-I, PH-II & PH-III, HTPS, Korba West.	31.08.2026 Up to 15:00 Hrs
2.	EW-245/26-27 8100053399 (With RLA)	Assistance in day to day maintenance of HT/LT transformers and 400 KV switchyard equipment's of 1x500 MW TPP, CSPGCL, Extn-III, Korba West.	31.08.2026 Up to 15:00 Hrs

For details please visit our website https://cspc.co.in/cspgcl_tendernotices/ or our e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal**

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No.02-16/CE(S&P)/TR-26/S&P/18/ 0707 Raipur, Dtd.06-08-2026

E-BIDDING TENDER NOTICE

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for supply of following -

S.N.	Tender no. /RFx No.	Description	Due Date & time
1.	TR- 26/S&P/18 Rfx No. 8100053519	Supply of Generic and Proprietary Medicines for FY 2026-27 for various Hospitals/Dispensaries of CSPCL	02.09.2026 Upto 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal** Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL: Raipur

OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice

Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

(2nd Call)

NIT NO: /428/DC/RMC/2026 RAIPUR DATED : 07/08/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 24/08/2026 at 17:30 hours.

Sr.	System Tender No.	Name of work	Project Cost (In Cr.)	Earnest Money (In Lakh)	Time allotted for Completion	Tender form fees (In Rs.)	Tender Type
1	197115	GIS-Based Property Tax Enhancement & Urban Infrastructure Mapping Project for Municipal Corporation Raipur, Dist.	5.80 Cr.	5.80 Lakh	12 months	15,000/-	Open

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 07/08/2026, 17:30 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above- mentioned portal.

NOTE:-

1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled one-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NITdetails.
4. Office address:- Nagar Nigam Municipal Corporation Head Office, Near Mahila Police Thana, Gandhi Udyan, Raipur (CG)
5. Email: nigam.raipur.cg@nic.in
6. Phone: 0771-2535780/7000069534/9301953216

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

DY. COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR C.G.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला- मानपुर- अं.चौकी (छ.ग.)

E-mail - eemohla-phe@cg.gov.in

// ई-प्रोक्योरमेंट - निविदा आंत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)//

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र- "अ" में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम / रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला- मानपुर-अं. चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में **रिस्क एवं कास्ट** में अधूरे छोड़े कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार चारो ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनांक 06.08.2026 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 13.08.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 27.08.2026 (शाम 5:30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ. आर. PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।

क्र.	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	योजना / ग्राम का नाम	निविदा की लागत (रू. लाख में)	निविदा आमंत्रण का प्रकार
1	55	197020	मोहला	मरकाटोला, धनेगांव	19.36	तृतीय
2	56	197022	मानपुर	खुर्सेखुर्द	29.80	तृतीय
3	57	197023	मानपुर	परालझरी	31.06	तृतीय
4	58	197024	मानपुर	भर्रीटोला, ईरागांव, कहगांव	46.83	तृतीय
5	59	197025	मानपुर	चवेला, साल्हे, फूलकोड़ो	56.24	तृतीय
6	60	197028	मानपुर	खड़गांव, भटगांव	56.29	तृतीय
7	61	197029	मोहला	भालापुर	7.75	चतुर्थ
8	62	197030	मानपुर	गोटुलमुंडा	21.51	पंचम
9	63	197031	मानपुर	कनेली, कोरकट्टी, हनईकलकला	21.53	पंचम
10	64	197032	मोहला	बोदाल, जोबटोला, दनगढ़, कुम्हली	111.39	पंचम
11	65	197034	चौकी	कातुलवाही	28.03	षष्ठम
12	66	197035	चौकी	पांगरी, खैरी, मांझीटोला	52.82	षष्ठम
13	67	197038	चौकी	मुंजाल, झिटिया, खड़खडी	61.38	षष्ठम
14	68	197039	मोहला	शेरपार, ककईपार, चांपाटोला	72.28	षष्ठम
15	69	197040	मोहला	रेंगाकठेरा, देवरसुर, करमोता	70.00	प्रथम

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

G- 262702633/4

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :: दुर्ग, दिनांक 04.08.2026

द्वितीय आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 19.08.2026 तक आमंत्रित की जाती है:-

निविदा आमंत्रण सू.क्रं./सि.क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (राशि लाख में)
259/196823	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्रं. 03 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य । (जोनल एजेन्सी)	59.45
260/196825	उपसंभाग क्र 03 दुर्ग के अंतर्गत उरला- कुरूदडीह - बंटग - अमेरी में टो वॉल निर्माण एवं अहिवारा सेक्शन मार्गों में आर.सी.सी. ह्यूम पाईप पुल-पुलियों विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	25.00
261/196828	लोक निर्माण विभाग, उपसंभाग क्रं. 01 दुर्ग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवायीय भवनों में साधारण मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	35.00
262/196829	लोक निमाण विभाग संभाग बालोद के अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्गो पर जक्शन सुधार कार्य	77.93
263/196830	लोक निर्माण विभाग, संभाग बालोद के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवसीय भवनें में एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य। (जोनल एजेन्सी)	25.00
264/196833	साजा उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
265/196834	ग्राम कठिया, वि.ख. बेरला जिला बेमेतरा मे पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य	17.80
266/196835	ग्राम बेलतरा, वि.ख. साजा जिला बेमेतरा मे पशु औषधालय भवन का निर्माण कार्य	17.80
267/196836	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	14.98
268/196837	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो पर पुल-पुलिया का साधारण मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	14.97
269/196838	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत का कार्य (जोनल एजेन्सी)	60.00
270/196839	साजा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	59.99
271/196840	नवागढ़ उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य (जोनल एजेन्सी)	20.00
272/196841	बेमेतरा उपसंभाग के अंतर्गत अंतर्गत विभिन्न मार्गो का विशेष मरम्मत कार्य (जोनल एजेन्सी)	80.00

टीप:- 1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्तिं, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट **http://eproc.cgstate.gov.in** से डाऊनलोड की जा सकती है ।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग मण्डल दुर्ग

G -262702619/5

सेट पर देरी के लिए अमिताभ ने मांगी माफी

नई दिल्ली। 10 अगस्त से टीवी के पॉपुलर शो 'कौन बनेगा करोड़पति'का 18वां सीजन शुरू



देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में शुमार का 57वां दीक्षांत समारोह आज शनिवार को आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और संस्थान से स्नातक होने वाले तीन हजार से अधिक विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री मेधावी छात्रों को संस्थान के सर्वोच्च सम्मान भी प्रदान करेंगे। इनमें प्रेसिडेंट्स गोल्ड मेडल, डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल, शंकर दयाल शर्मा गोल्ड मेडल तथा परफेक्ट टेन गोल्ड मेडल शामिल हैं। ये पुरस्कार उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दिए जाते हैं। समारोह में 587 पीएचडी शोधार्थियों सहित हजारों विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 'परम प्रज्ञा' नामक अत्याधुनिक एआई-संचालित हाई-परफॉर्मेंस सुपरकंप्यूटिंग सुविधा का भी उद्घाटन करेंगे। यह सुविधा आईआईटी दिल्ली के सोनीपत परिसर में स्थापित की गई है। संस्थान के अनुसार, यह सुपरकंप्यूटिंग प्रणाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा साइंस, उच्च क्षमता कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और बहुविषयक अनुसंधान को नई गति देगी।



विकसित भारत के लक्ष्य से जुड़ी पहल

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत वैश्विक स्तर पर एआई और सेमीकंडक्टर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में अपनी क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में 'परम प्रज्ञा' जैसी हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सुविधा न केवल आईआईटी दिल्ली के शोध को नई ऊंचाई देगी, बल्कि उद्योग, स्टार्टअप और राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाओं को भी मजबूत तकनीकी आधार उपलब्ध कराएगी।

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

शब्द पहेली - 6311



बाएँसेदाए±
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

ऊपर से नीचे
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि

एफआईआर



भाई और मां-बाप के हिस्से की जमीन को हथियाने के लालच में उसने हैवानियत की सारी हदें पार कर डाली। डेढ़ दशक पहले भाई की हत्या के आरोप में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। सजा काटकर वहां अभी डेढ़ 2 साल पहले ही लौटा था और उसके मन मस्तिष्क पर पैतृक संपत्ति के लालच का भूत सवार था, ऐसे में अब की बार उसने अपने बूढ़े मां-बाप और उनके साथ रह रहे भतीजा भतीजी को कुल्हाड़ी से काट डाला।

क्रूरता की हद

संपत्ति के लालच ने बना दिया हैवान

भाई की हत्या कर काटी थी उम्र कैद की सजा, आने के बाद भतीजा-भतीजी और अपने ही मां-बाप की ले ली जान

- खुद ही थाने में जाकर घटना की रिपोर्ट भी दर्ज कराई
- स्नेपर डॉग घटना स्थल से बाड़ी के रास्ते मंझले बेटे सोन साय के घर जा पहुंचा
- पारिवारिक जमीन के विवाद पर वारदात को अंजाम देने की बात बेटे ने कबूल की



● जांजगीर चांपा से अभिषेक शुक्ला

आरोपी ने इस कार्य में अपने बेटे की मदद भी ली, दोनों पिता पुत्रों ने मिलकर आधी रात को इस वारदात को अंजाम दिया। खास बात यह है कि वारदात के बाद दूसरे दिन सुबह खुद ही थाने में जाकर घटना की रिपोर्ट भी दर्ज कराई। पुलिस इस मामले में अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही थी परंतु जब जांच पर डाल शुरू हुई तो फरियादी बना भाई और उसका बेटा ही पुलिस की पकड़ में आ गए। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम भवतरा में 70 वर्षीय मेदिनी कश्यप अपनी पत्नी कांति बाई और पोता-पोती के साथ रहता था। पुराने मकान के पीछे ही वह नए मकान का निर्माण कार्य करा रहा था। घटना की रात मेदिनी उसकी पत्नी कांति, पोता पीतांबर (17) और पोती मोगरा (20) खाना खाने के बाद सो गए। गुरुवार 14 मई की सुबह मिस्त्री जब काम करने पहुंचे तो परिवार का कोई सदस्य नहीं उठा था। सामने का दरवाजा भी बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने पर भी कोई बाहर नहीं आया। पीछे से जाकर झांकने पर बिस्तर में चारों की लाश पड़ी थी। घटना की सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्वायड और एफएसएल की टीम भी कुछ देर में पहुंच कर जांच में जुट गई। जिला मुख्यालय से एसपी और एडिशनल एसपी भी मौके पर पहुंचे, उन्होंने मौके का मुआयना किया। इस दौरान डॉग स्वायड की टीम ने जब जांच की तो स्नेपर डॉग घटना स्थल से बाड़ी के रास्ते मेदिनी के मंझले बेटे सोन साय के घर जा पहुंचा। इधर पुलिस द्वारा गांव में की गई पूछताछ में भी सोन साय के खिलाफ कई बातें सामने आई। इस आधार पर पुलिस ने इस घटना की सूचना दर्ज कराने वाले सोन साय को पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार किया। सोन साय ने अपने बेटे गोलू के साथ मिलकर पारिवारिक जमीन के विवाद पर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी उसकी निशानदेही से बरामद की।

खानदान को समाप्त कर पूरी संपत्ति हथियाने की बात कहता था

इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मेदनी साहू के पास लगभग 7 एकड़ जमीन थी, और उसके तीन बेटे थे। बड़े बेटे



सोना राम की मौत काफी पहले ही हो चुकी थी। सोन साय मंझला बेटा है। वहीं पूनऊ राम सबसे छोटा बेटा था। सोन साय ने 2009 में अपने छोटे भाई पूनऊ राम की हत्या कर दी थी। मामले में वह आजीवन कारावास की सजा काट चुका है और करीब 2 साल पहले जेल से रिहा होकर आया था। वह गांव में ही अपनी पत्नी और बच्चों के साथ अलग घर में रहता था। मेदनी कश्यप अपने बेटे पूनऊ के बेटे और सोना राम की बेटी को अपने पास रख कर पालन पोषण कर रहा था। सोन साय अपने अंदर पारिवारिक द्वेष रखता था और खानदान को समाप्त कर पूरी संपत्ति हथियाने की बात कहता था। इसको लेकर अक्सर मेदिनी के घर जाकर हंगामा भी करता था।

वारदात को अंजाम देने बेटे से भी ली सहायता

कुछ दिन पूर्व ही मेदिनी ने सोन साय के खिलाफ थाने में शिकायत की थी, जिस पर उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई हुई थी। इस बात को लेकर उसकी नाराजगी और भी बढ़ गई थी। इसके बाद उसने इस खौफनाक वारदात आपको अंजाम दिया इस कार्य में उसने अपने बेटे की भी मदद ली। बहरहाल पुलिस ने दोनों पिता पुत्रों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

तीन साल की पुरानी रंजिश का बदला बदमाश की हत्या कर परिवार ने लिया। जैतखाम में झंडा लगाने और साउंड कम करने को लेकर उपजा विवाद हत्या के बाद भी नहीं थम पाया है। पुलिस ने एक ही परिवार के 6 लोगों को जेल तो भेज दिया, लेकिन अब भी कोठारी और चेलक परिवार में आक्रोश पनप रहा है। यह बड़ी वारदात पदमनाभपुर थाना क्षेत्र के कुंद्रापारा की है। जहां जेल से छुटकर आए बदमाश को बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया।



● भिलाई से जेएम तांडी



पहले कहा-सुनी, फिर शुरू हुई मारपीट
पुरानी रंजिश में बदमाश की हत्या

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई 2026 की रात कुंद्रापारा स्थित जैतखाम के पास अक्षय कोठारी, भाई लेखराम कोठारी गोपा उर्फ सूर्यदेव कोठारी और चाचा बल्ला उर्फ रोशन कोठारी मौजूद थे। तभी चेलक ग्रुप में लक्ष्मी चेलक, आकाश चेलक, सत्यम चेलक, खेल चेलक, प्रकाश चेलक, देवचंद चेलक पहुंचे थे। दोनों गैंग में रंजिश के चलते विवाद शुरू हो गया। सूचना पदमनाभपुर पुलिस थाने तक पहुंची, लेकिन पुलिस ने बड़ी घटना होने के बाद भी सिर्फ लेखराम के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। 12 जुलाई रविवार को जेल से छूटने के बाद लेखराम कोठारी अपने दोस्तों के साथ चेलक पक्ष के लोगों से बदला लेने पहुंचा, तभी कोठारी और चेलक पक्ष आमने-सामने आ गए। पहले कहासुनी, फिर विवाद मारपीट में बदल गया। चेलक ग्रुप में 7-8 लोग मौजूद थे, लेखराम कोठारी समेत अन्य को घेरकर जमकर पिटाई कर दी। हमला करने वालों के पास लाठी, डंडे, ईंट, चाकू था। घटना में गंभीर रूप से घायल लेखराम था, अन्य को मामूली चोटें आई थी। लेखराम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना में कोठारी परिवार के कई लोग घायल थे, जिनका उपचार अस्पताल में चला। पुलिस ने हमले में शामिल एक ही परिवार के 6 लोगों को तुरंत ट्रेस भी कर लिया। आरोपियों से पूछताछ पर वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने डंडे, ईंट, चाकू और वारदात के समय रखे पहने गए कपड़े भी जब्त कर लिया।

परिवार के 6 लोग पहुंचे जेल



इन्हें जेल भेजा

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि लेखराम कोठारी हत्याकांड में सुराग के आधार पर चेलक, आकाश चेलक, सत्यम चेलक, खेलू चेलक, प्रकाश चेलक, देवचंद चेलक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने आठ घंटे के भीतर एक ही परिवार के 6 लोगों को पकड़ लिया। सभी आरोपी कुंद्रापारा दुर्ग के निवासी हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि कोठारी और चेलक ग्रुप का पुराना विवाद रहा है। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने योजना बनाकर दूसरे पक्ष के लोगों को घेरा और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। हत्या की सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। देर रात पुलिस के एसएसपी विजय अग्रवाल भी टीम के साथ पहुंचे थे। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया था।

घर में घुसकर मारने का प्लान था

मृतक लेखराम के भाई अक्षय कोठारी ने आरोप लगाया है कि घटना में 18 लोग शामिल थे, पुलिस ने सिर्फ 6 को पकड़ा है। यह पुराना विवाद 19 दिसंबर 2023 का है। 18 दिसंबर को हम लोगों के साथ मारपीट न कर दूसरे दिन जमकर मारपीट किया गया। आरोप है कि चेलक परिवार कोठारी परिवार के घर में घुसकर मारने का प्लान था, लेकिन पुलिस को परिजनों ने जानकारी देने पर दो वाहनों में पुलिस फोर्स पहुंची थी। तब जाकर जान बच पाई। अक्षय के मुताबिक चेलक परिवार ने कहा था कि कोठारी परिवार को जो मारेगा उन्हें 10-10 लाख रुपए दिया जाएगा। इसकी जानकारी घटना के तीन माह पहले पता चला था। जब शिकायत करने मृतक के परिवार थाने पहुंचे थे, तो आरोपियों ने मकान में तोड़फोड़ कर काफी नुकसान पहुंचाया। फिलहाल यह पूरा मामला जांच के बाद ही सही स्पष्ट हो पाएगा।

दरभा थाना क्षेत्र के गांव ककालगुर काचिरपारा में पति व पत्नी ने साथ में शराब का सेवन किया। जिसके बाद पति को भूख लगी तो उसने पत्नी से भोजन मांगा, लेकिन नशे के चलते पत्नी भोजन पकाने में असमर्थता जताई जो पति को इतना नागवार गुजरी कि उसने लकड़ी के बैठने वाले पीढ़ा से पत्नी के सीने, पेट व कमर में हमला कर दिया।



● जगदलपुर से राजेश दास

पीटने पर नहीं मरी तो साड़ी से गला घोंटकर मार डाला

साथ में पी शराब, खाना नहीं बनाने पर पत्नी की कर दी हत्या

मामला 8 मार्च 2018 के शाम का है, ककालगुर काचिरपारा निवासी शंकर नाग (52) ने अपनी पत्नी कुमली नाग (50) के साथ पहले शराब का सेवन किया। कुछ ही देर में दोनों को काफी नशा हो गया। इसी बीच शंकर ने कुमली से खाना पकाने को कहा, लेकिन नशे के चलते कुमली खाना नहीं पका सकी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि शंकर नाग ने पास ही रखे लकड़ी की पीढ़ा से कुमली पर हमला कर दिया। सीना, पेट व कमर में हमला किए जाने से कुमली वहीं गिर पड़ी। इसके बाद भी शंकर का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने कुमली को उसी की पहनी साड़ी से गला घोंटकर हत्या कर दी। दरभा थाना में मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेन्द्र पामभोई द्वारा आरोपी शंकर नाग को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पत्नी ने साथ में शराब का किया सेवन

वर्षों से चले आ रहे रिश्तों को दरकिनार कर क्षणिक आवेश में छोटी छोटी बातों में हत्या कर देना बस्तर में आम बात है। ऐसा ही एक मामला आज से आठ वर्ष पूर्व दरभा थाना क्षेत्र के गांव ककालगुर काचिरपारा का है, जहां पति व पत्नी ने साथ में शराब का सेवन किया। जिसके बाद पति को भूख लगी तो उसने पत्नी से भोजन मांगा, लेकिन नशे के चलते पत्नी भोजन पकाने में असमर्थता जताई जो पति को इतना नागवार गुजरी कि उसने लकड़ी के बैठने वाले पीढ़ा से पत्नी के सीने, पेट व कमर में हमला कर दिया। इसके बाद भी पत्नी की मौत नहीं हुई, तो उसी की पहनी हुए साड़ी का फंदा बनाकर गला घोंटकर हत्या कर दी।

आरोपी पति को मिला आजीवन कारावास

मामले की सटीक विवेचना व आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत प्राप्त कर दरभा पुलिस द्वारा मामले में 2 जून 2018 को अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। गवाहों के बयान व अभियोजन और बचाव पक्ष द्वारा अपने-अपने तर्क न्यायालय में दिए गए। जिसके बाद न्यायालय द्वारा आरोपी को आजीवन कारवास की सजा सुनाई गई।

शराब सेवन के बाद अक्सर होता था झगड़ा

घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मृतक के भाई ने बताया कि आरोपी भाई द्वारा अक्सर उसकी भाभी कुमली से मारपीट करता था। घटना दिनांक को भी उसने लकड़ी के पीढ़ा से पिटाई करने के बाद गला घोंटकर हत्या कर दिया। मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेन्द्र पामभोई ने बताया कि मामले में आरोपी को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

प्रज्ञानानंदा का शानदार प्रदर्शन, जीता अपना पहला सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज का खिताब

20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने 23.5 अंक के साथ जीता टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| सेंट लुई

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक राउंड शेष रहते ही अपना पहला सेंट लुई रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 20 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने कुल 23.5 अंक के साथ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अपने करीबी प्रतिद्वंदी तथा विश्व चैंपियनशिप के चक्र के दावेदारों में से एक उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव को पर्याप्त अंतर से पीछे छोड़ा।

प्रज्ञाननंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के आखिरी रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के अंतिम दिन एक भी मैच नहीं गंवाया। उन्होंने ग्रैंड शतरंज टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है, जिससे इस साल के अंत में होने वाले ग्रैंड फाइनल में उनकी जगह लगभग पक्की हो गई है। इस भारतीय खिलाड़ी को अब क्लासिकल प्रणाली के तहत खेले जाने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में भी अपनी यही फॉर्म बरकरार रखनी होगी।



10 साल के कपिल ने हासिल किया दूसरा आईएम नॉर्म

नई दिल्ली। भारत के दस वर्षीय आरित कपिल ने सर्बिया में रुदार जीएम क्लोज्ड शतरंज टूर्नामेंट में एक राउंड शेष रहते हुए अपना दूसरा इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल किया। सर्बिया के आईएम किरिल क्लुकिन और बुल्गारिया के निक्कोलोव मोमचिन के खिलाफ शानदार जीत से शुरुआत करते हुए आरित ने बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर राडोस्लाव दिमित्रोव को भी हराया। उन्होंने अगले चार राउंड ड्रॉ खेलकर अपना दूसरा आईएम नॉर्म सुनिश्चित किया। आरित अब इंटरनेशनल मास्टर बनने से सिर्फ एक नॉर्म दूर हैं। वह अगले महीने 11 साल के हो जाएंगे। पिछले साल नॉर्वे के विश्व नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेलने वाले इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी क्षमता साबित की। अभी वह संभावित आठ में से 5.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।



ईस्पोर्ट्स विश्व कप : 4 भारतीय ग्रैंडमास्टर आजमाएंगे भाग्य

पेरिस। भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन, अरविंद चिदंबरम, प्रणेश एम और अर्जुन एरिगैसी 11 से 15 अगस्त तक यहां होने वाले ईस्पोर्ट्स विश्व कप की शतरंज प्रतियोगिता में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन सहित कई मजबूत प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेंगे। निहाल, अरविंद और प्रणेश ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेंट की दिग्गज कंपनी एस8यूएल ईस्पोर्ट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी जेन जी ईस्पोर्ट्स की तरफ से अपना भाग्य आजमाएंगे। यह चारों भारतीय खिलाड़ी मौजूदा चैंपियन कार्लसन (टीम लिक्विड) के नेतृत्व वाले एक विशिष्ट समूह के खिलाफ 15 लाख अमेरिकी डॉलर (14.2 करोड़ रुपए) के पुरस्कार पूल में हिस्सेदारी हासिल करने की कोशिश करेंगे।



■ 11 से 15 अगस्त तक पेरिस में टूर्नामेंट

ईटीपीएल में एम्सटर्डम फ्लेम्स से जुड़े रहाणे

बेंगलुरु। भारत के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे बतौर 'मार्की' खिलाड़ी शुरुआती यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एम्सटर्डम फ्लेम्स टीम से जुड़ गए। रहाणे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा वाले दिन ही उन्हें यह पेशकश हुई और वह इसके जरिए वैश्विक स्तर पर अपनी छाप छोड़ना चाहते हैं। यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से 20 सितंबर तक आयरलैंड के डबलिन और नीदरलैंड के 'द हेग' में खेला जाएगा।

GVK EMRI GREEN HEALTH SERVICES
सीधी भर्ती
(Direct Walk-In)
CALL 108 EMERGENCY

Position	No. of Positions	Qualification
Driver/Pilot – 108 Ambulance Service	100	Minimum 8th Pass with minimum 03 years of valid driving license
Driver/Pilot – Dial 112 ERV Service	150	Minimum 10th Pass with minimum 03 years of valid driving license
EMT (Emergency Medical Technician)	100	B.Sc. (Biology) / 12th (Biology) with Paramedical Course / B Pharma / D Pharma, Nursing Course
Fleet Executive	05	Any Graduate with minimum 03 years of experience in Fleet Management
Call Center Officer	20	Any Graduate with Computer knowledge and good typing skills
Field Quality Executive	05	Any Graduate with 03 years of experience in fleet management / automobile or relevant field
Call Center Quality Executive	05	Any Graduate with 03 years of experience in call center / BPO
District Fleet Supervisor	30	Any Graduate with minimum 03 years of experience in fleet management or relevant field experience

Date of Interview: 9th August and 10th August 2026.
Contact No: 6269993439, 9247573519 cg_hr@emri.in
Interview Timing : 09:30 am to 06:00 pm
Interview Address: Football Playground, In front of Civil Hospital, Mana, Raipur (C.G.)
नोट : डायल 112 और 108 परियोजनाओं के अंतर्गत सभी पदों पर भर्ती केवल EMRI GHS द्वारा प्रत्यक्ष भर्ती के माध्यम से की जा रही है। किसी भी एजेंसी, सलाहकार या बिचौलिए एजेंट से कोई सेवा या सहायता नहीं ली जा रही है।

कैनेडियन ओपन : सबालेंका ने शुआई झांग को दी मात, पहुंचीं अंतिम 16 में

हार्ड कोर्ट पर सबालेंका का दबदबा सबसे तेज 25 जीत का कारनामा

आर्यना ने की सेरेना के 10 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी



एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने चीन की प्लेयर शुआई झांग को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर कैनेडियन ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ सबालेंका का इस सीजन में हार्ड कोर्ट पर रिकॉर्ड 25-1 हो गया है। वह 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक सीजन में हार्ड कोर्ट पर सबसे कम समय में 25 जीत हासिल करने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर झांग के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अब 5-1 का हो गया है। उन्होंने झांग के खिलाफ अपने पिछले पांचों मैच सीधे सेटों में जीते हैं। दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी को हार का कोई खास खतरा नहीं दिखा, लेकिन झांग ने उन्हें पूरे मैच के दौरान दबाव में रखा।

सबालेंका को करना पड़ा ब्रेक प्वाइंट का सामना

सबालेंका को आखिरी गेम में एक ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने शानदार बचाव किया और लगातार तीन प्वाइंट जीतकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। सबालेंका का अगला मुकाबला 16वीं वरीयता प्राप्त रूसी प्लेय एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा। अलेक्जेंड्रोवा के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में उन्हें 5-4 की मामूली बढ़त हासिल है।

पेगुला ने अंतिम 16 का कटाया टिकट



वहीं, दो बार की चैंपियन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने बारिश के कारण देरी से शुरू हुए मैच में रूसी-उज्बेकिस्तानी टेनिस खिलाड़ी कामिला राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराकर अंतिम 16 का टिकट कटाया। ओंटारियो की राजधानी टोरंटो में पेगुला का यह तीसरे राउंड का मैच चार दिनों में उनका तीसरा मुकाबला था और उन्हें आराम का एकमात्र दिन यात्रा के लिए मिला था। हालांकि, कम तैयारी के बावजूद अमेरिकी खिलाड़ी ने सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान दिया। 32 वर्षीय पेगुला का अगला मुकाबला डायना श्नाइडर से होगा। उन्होंने एक हफ्ते पहले वाशिंगटन ओपन के सेमीफाइनल में श्नाइडर को शिकस्त दी थी।

अमांडा की शानदार वापसी



दूसरी ओर, लनलाना तारुडी से दूसरे राउंड में वॉकओवर मिलने के बाद, आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा को लय में आने में थोड़ा समय लगा, लेकिन उन्होंने निकोला बार्टुनकोवा के खिलाफ 1 घंटे 59 मिनट तक चले मुकाबले में 3-6, 6-0, 6-4 से शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की।

वार्मअप मैच

श्रीलंका इलेवन ने एक दिन में ठोके 363 रन



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत के खिलाफ तीन दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन श्रीलंका ने पहली पारी में 8 विकेट पर 363 रन बनाए।

श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों को दबाव में ला दिया लेकिन कुलदीप यादव की अगुवाई में स्पिनरों ने आखिरी सत्र में वापसी की। मैच को प्रथम श्रेणी दर्जा हासिल नहीं है लिहाजा हर टीम को पहले और दूसरे दिन 90 ओवर और आखिरी दिन 45-45 ओवर मिलेंगे। पहले दिन आफ स्पिनर सारांश जैन ने 11 ओवर में 54 रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिले। कुलदीप ने 18 ओवर में 76 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि मानव सुतार ने 11 ओवर में 30 रन देकर 1 विकेट चटकाया। रविंद्र जडेजा ने 15 ओवर में 64 रन देकर 2 विकेट लिए।

गेंदबाजों को लय में आने में लगा समय

पांच सप्ताह बाद लाल गेंद से खेल रहे तेज गेंदबाजों को लय में आने में समय लगा जबकि स्पिनर भी खतरनाक नहीं दिख रहे थे। लय में दिख रहे कुलदीप के आने के बाद तस्वीर बदली। पहले दिन का खेल श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों के नाम रहा। सलामी बल्लेबाज निशान फर्नांडो (65 गेंद में 66 रन) ने भारत के सीनियर तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज (13 ओवर में 44 रन) और प्रसिद्ध कृष्णा (आठ ओवर में 32 रन) को बखूबी खेला। फर्नांडो ने रविंदु रसांथा (143 गेंद में 71 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। फर्नांडो एक गलतफहमी के कारण रनआउट हो गए। सोनल दिनुशा (72 गेंद में 52 रन) ने उम्दा तकनीक का प्रदर्शन करते हुए अच्छे रन बनाए। उन्होंने कुलदीप को एक छक्का भी जड़ा। रमेश मेंडिस ने 49 गेंद में 32 रन जोडे।

अरिहा पंगंबम ने जीता स्वर्ण पदक, बनीं पहली भारतीय



नई दिल्ली। अरिहा पंगंबम एरोबिक जिम्नास्टिक्स एशियाई चैंपियनशिप की सीनियर महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। भारतीय जिम्नास्ट ने फाइनल में 19.100 के स्कोर के साथ पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया और इस प्रतियोगिता में भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता। अरिहा ने 'आर्टिस्ट्री' के लिए 8.650, 'एक्जीक्यूशन' के लिए 7.600 और 'डिफ़िकल्टी' के लिए 2.850 अंक हासिल करके खिताब अपने नाम किया। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने कहा, 'हमारे लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें और उनके कोच को बधाई।'

खालिन के शानदार 9 शॉट जीता जेएंडके ओपन गोल्फ



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

खालिन जोशी ने 5 अंडर 66 का कार्ड खेलकर खूबसूरत रॉयल सप्रिंग्स गोल्फ कोर्स में 1 करोड़ पुरस्कार राशि के जेएंडके ओपन में 9 शॉट से शानदार जीत दर्ज की।

बेंगलुरु के 33 वर्षीय गोल्फर ने 63, 66, 65 और 66 के कार्ड खेले, जिससे टूर्नामेंट में उनका कुल स्कोर 24-अंडर 260 रहा।

इससे वह अपना आठवां पेशेवर खिताब और 2026 डीपी विश्व पीजीटीआई सत्र में दूसरी जीत दर्ज करने में सफल रहे। जोशी को इस खिताबी जीत से 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली और इसकी बदौलत वह 5 पायदान के फायदे से डीपी विश्व पीजीटीआई रैंकिंग में 13वें से 8वें स्थान पर पहुंच गए। इससे इस सत्र में उनकी कुल कमाई 34,85,575 रुपए हो गई।

दिल्ली के राशिद खान रहे उप विजेता

दिल्ली के राशिद खान (68-68-64-69) उप विजेता रहे जबकि पानीपत के शुभम जगलान (70-68-66-66) तीसरे स्थान पर रहे। डीपी विश्व पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर चल रहे सप्ताक तलवार (69-71-65-70) संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। तलवार ने सत्र की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया और साल की अपनी कमाई 82,53,034 रुपए कर ली।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4222611,4222612
ई-मेल: Recovery.Raipur@bankofbaroda.bank.in

अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम,2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारो/जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से,उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/ जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

क्र.	शाखा का नाम/ फोन नं.	उधारकर्ता/ जमानतदार का नाम एवं पता	प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण	मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि
01	रायपुर इंडस्ट्रियल स्टेट शाखा भनपुरी रायपुर 9109993979	श्री समीरन दत्ता और श्रीमती नीलिमा दत्ता, प्लाट/मकान नं. एलआईजी-24, बालाजी कैवल्या पार्क, परसदा, ग्राम- कुम्हारी, तहसील-दुर्ग रायपुर (छ.ग.) पिन - 490042	संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय मकान साथ में भूमि से संबंधित प्लाट/मकान नं.-24 , खसरा नं. - 1487/2 , म्यूटेशन के बाद खसरा नं.-1487/8 , कुल क्षेत्रफल - 581 वर्गफीट स्थित रो हाउस कॉलोनी कैवल्या पार्क, अहिवारा नगर परिषद के अंतर्गत डगनिया तालाब पारा वार्ड क्रमांक 12, ग्राम - कुम्हारी, प.ह.नं.- 53, आरआईसी अहिवारा, तहसील- धमधा, जिला दुर्ग, छ.ग. सीमाएं: उत्तर- रेल्वे की भूमि, दक्षिण- रोड, पूर्व- मकान नं. एलआईजी - 25, पश्चिम - मकान नं. एलआईजी - 23.	14.05.2026 रु. 18,69,528.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 04.08.2026 सांकेतिक कब्जा
02	रायपुर इंडस्ट्रियल स्टेट शाखा भनपुरी रायपुर 9109993979	श्री जगदीश बोधवानी और श्रीमती मुस्कान बोधवानी (उधारकर्ता), पता- सांई मंदिर के सामने, शिव विहार कॉलोनी, शिवानंद नगर, सेक्टर - 3, खमतराई-2, रायपुर (छ.ग.), पिन - 492008	साम्यिक बंधक आवासीय मकान के साथ भूमि से संबंधित खसरा नं.- 708/87, कुल क्षेत्रफल- 700 वर्गफीट स्थित मौज़ा गोंदवारा, वीर शिवाजी वार्ड नं. 7, प.ह.नं.-108/38, आरआईसी रायपुर 01, तहसील/ज़िला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्री जगदीश बोधवानी के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- सुनील कुमार कुकरेजा की भूमि, दक्षिण-सड़क, पूर्व- विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम- विवेक शर्मा की भूमि.	14.05.2026 रु. 11,45,274.41 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.08.2026 सांकेतिक कब्जा
03	रिकवरी शाखा मौदहापारा रायपुर 0771-4570909	श्रीमती नीतू शर्मा पिता श्री गोविंद प्रसाद शर्मा (उधारकर्ता और मेसर्स वर्षा ट्रेडिंग की प्रोपराइटर)और श्री गोविंद प्रसाद शर्मा पिता श्री भगवती प्रसाद शर्मा (जमानतदार), दोनों निवासी फ्लैट नं. 303, ब्लॉक-बी, ओम श्री अपार्टमेंट, करिश्मा अपार्टमेंट के पास, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001	यह कामर्शियल संपत्ति शॉप नं. - 320 और 321, दूसरी मंज़िल , शुभ बिज़नेस टॉवर , भैंसथान रोड, रामसागरपारा, वार्ड नं. 17, रायपुर, प.ह.नं.-106 ए, आरआईसी रायपुर-1, ज़िला- रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जो श्री गोविंद प्रसाद शर्मा पिता श्री भगवती प्रसाद शर्मा के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- सलूजा स्टील, दक्षिण - मित्तल जी का गोदाम, पूर्व - सड़क, पश्चिम - नूतन किसान राइस मिल.	29.02.2024 रु. 22,52,032.52 + ब्याज + अन्य प्रभार 04.08.2026 सांकेतिक कब्जा
04	रिकवरी शाखा मौदहापारा रायपुर 0771-4570909	श्री रघुनाथ सिंह बुंदेला (उधारकर्ता और प्रोप. मेसर्स दंतेश्वरी बस्तर आर्ट्स फर्नीचर)	साम्यिक बंधक आवासीय प्लाट नं.- 63, खसरा नं.- 255/1-2-3 का भाग,नया ऑनलाइन भूइंयां खसरा नं.-15003/47, प. ह. नं. - 83, आरएनएम रायपुर 18, कांदुल प्लाट क्षेत्रफल - 1500 वर्गफीट वॉलफोर्ट पैराडाइज, फेस - II, मौज़ा कांदुल, तहसील और ज़िला - रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित संपत्ति हैं जो श्री रघुनाथ सिंह बुंदेला पिता श्री अर्जुन सिंह बुंदेला के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- प्लाट नं. 62, दक्षिण- प्लाट नं. 64, पूर्व-प्लाट नं. 52, पश्चिम- रोड.	01.08.2025 रु. 24,98,080.61 + ब्याज + अन्य प्रभार 04.08.2026 सांकेतिक कब्जा
05	जवाहर नगर शाखा रायपुर 9109993971	मेसर्स कोठारी टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड श्री बिंदेश कुमार कोठारी (निदेशक), श्री कमल कुमार अग्रवाल (निदेशक), श्री धैर्य मेहता (निदेशक), खसरा नं.-442/2, 438/3, 441/3,प.ह.नं.100/28, आरएनएम - धरसीवा, रेडियो स्टेशन के पीछे, उरकुरा रोड, रावांभाटा रायपुर - 493221 छ.ग. और श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल (जमानतदार) पता:- मकान नं. सी -111, स्वर्ण भूमि, विधान सभा रोड , एमजीएम अस्पताल के पास, रायपुर, छ.ग.	1. साम्यिक बंधक आवासीय परिवर्तित भूमि स्थित प्लाट नं. 10408, परिवर्तित खसरा नं. - 15005/83, क्षेत्रफल - 2403 वर्गफीट, स्वरभूमि चरण 3,मौजा सांकरी, आरआईसी कांदुल , तहसील और जिला- रायपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल के नाम पर हैं. सीमाएं: पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. - 10319, उत्तर - प्लाट नं. - 10407, दक्षिण - प्लाट नं.- 10409. 2. साम्यिक बंधक कामर्शियल परिवर्तित भूमि और उस पर बनी दुकान, दुकान नं. I-22 जो परिवर्तित खसरा नं. - 15042/1 (भाग) पर स्थित है और जिसका क्षेत्रफल - 1280 वर्गफीट है, स्वरभूमि हाई स्ट्रीट, मौज़ा कचना, आरआईसी, तहसील और ज़िला - रायपुर, छ.ग. हैं जो श्रीमती सुनीता देवी अग्रवाल के नाम पर हैं. सीमाएं: पूर्व- दुकान नं. I-52, पश्चिम- रोड, उत्तर- दुकान नं. I-21, दक्षिण- दुकान नं. I-23.	10.03.2026 रु. 4,68,38,249.03 + ब्याज + अन्य प्रभार 05.08.2026 सांकेतिक कब्जा

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा। हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक:08.08.2026, स्थानः रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
शाखा- तिल्दा नेओरा, पुरानी टंकी के पास, सिंधी कैम्प, तिल्दा नेओरा, (छ.ग.), दूरभाष नं: 07721-234023

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदा को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा देय राशि का भुगतान न किए जाने के कारण, उधारकर्ता एवं सामान्य जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथि को निम्न वर्णित संपत्ति का कब्जा कर लिया गया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये बैंक ऑफ इंडिया के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी। प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

क्र.	उधारकर्ता का नाम	1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण
1.	उधारकर्ता-मेसर्स अभय एंड अक्षय ट्रेडर्स, पार्टनर्स- श्री टिकेश्वर मनहरे पिता श्री बद्रीनाथ मनहरे एवं श्री बद्रीनाथ मनहरे पिता श्री हताते मनहरे	(1) 16.04.2026 (2) 04.08.2026	रू 61,41,428.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे	खसरा नंबर 49/10, ग्राम खापरीडीह खुर्द, प.ह नंबर 29, आरएनएम खरौरा, तहसील- तिल्दा , जिला- रायपुर में क्षेत्रफल- 27914 वर्ग फुट पर स्थित फैक्ट्री भूमि एवं भवन का समस्त भाग तथा अंश ,मालिकाना हक- श्री टिकेश्वर मनहरे। सीमाएं: उत्तर : मुख्य सड़क, दक्षिण : साहू की भूमि, पूर्व : श्री वेदराम मनहरे की भूमि, पश्चिम : साहू की भूमि।

दिनांक: 08.08.2026, स्थान- तिल्दा नेओरा
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

धरती की तरफ बढ़ा विशाल एस्टेरॉयड, सैटेलाइट से भी करीब आ जाएगा 'प्रलय का देवता'

अंतरिक्ष में एक विशाल एस्टेरॉयड तेजी से पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा है। खगोल वैज्ञानिकों का कहना है कि इस एस्टेरॉयड हमारी पृथ्वी के इतने करीब पहुंच सकता है, जिसे सुनकर घबराहट हो सकता है। एस्टेरॉयड 99942 एपोफिस 13 अप्रैल 2029 को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। यह दूरी पृथ्वी से महज 32000 किलोमीटर ही होगी। यह दूरी पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की औसत दूरी 384000 किमी के दसवें हिस्से से भी कम है। इस एस्टेरॉयड का नाम प्राचीन मिस्र के प्रलय के देवता के नाम पर रखा गया है।

वॉशिंगटन। एक रिपोर्ट के अनुसार, जियो स्टेशनरी सैटेलाइट 35786 किलोमीटर की ऊंचाई पर काम करते हैं। ऐसे में एपोफिस, धरती से इन सैटेलाइट से भी ज्यादा करीब होगा। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने कहा है कि हालांकि, इतने करीब आने के बाद भी इसके धरती से टकराने की संभावना नहीं है। लेकिन, इस नजदीकी की वजह से एस्टेरॉयड के साथ हैरतअंगेज घटना होने वाली है। नासा का ओसिरिस-एपेक्स स्पेसक्राफ्ट इस एस्टेरॉयड पर नजर रखेगा और इस दौरान बदलावों की जांच करने के लिए इसके करीब पहुंचेगा। नासा ने बताया है कि पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण एपोफिस के ऑर्बिट को मोड़ देगा। यह इसके घूमने के तरीके को मोड़ देगा और इसकी सतह पर मौजूद ढीले मलबे को हिला सकता है।

एफोसिस का औसत व्यास लगभग 340 मीटर



भूकंपीय हलचल हो सकती है

अभी एपोफिस एक ही धुरी पर घूमने के बजाय लड़खड़ाते हुए घूमता है। पृथ्वी का गुरुत्वाकर्ष इस घूमने की स्थिति को बदल देगा। इस घटना से एस्टेरॉयड पर भूकंपीय हलचल हो सकती है। बड़े पत्थर खिसक सकते हैं या छोटे भूस्खलन हो सकते हैं।

क्या है एस्टेरॉयड एपोफिस?

एस्टेरॉयड यानी क्षुद्रग्रह, धातु और चट्टानों के टुकड़े होते हैं जो सूर्य का चक्कर लगाते हैं। ये आकार में छोटे बोल्डर से लेकर कई किलोमीटर चौड़े हो सकते हैं। एफोसिस का औसत व्यास लगभग 340 मीटर है। यह इस आकार का धरती से सबसे करीब से गुजरने वाले पहला ज्ञात एस्टेरॉयड होगा। एपोफिस जब धरती के पास आकर फिर से दूर जाएगा तो इसे बदलते गुरुत्वाकर्षण खिंचाव का अनुभव होगा। हालांकि, इसके टूटने की उम्मीद नहीं है, लेकिन यह खिंचाव इसे एक दूसरी कक्षा में ले जाएगा, जिसमें सूर्य का चक्कर लगाने में वर्तमान की तुलना में थोड़ा ज्यादा समय लगेगा।



क्या सैटेलाइट से हो सकती है टक्कर?

एपोफिस जियोस्टेशनरी ऊंचाई के अंदर जरूर होगा, लेकिन यह उस इक्वेटोरियल रिंग से होकर नहीं गुजरेगा जहां जहां जियोस्टेशनरी स्पेसक्राफ्ट होते हैं। नासा का कहना है कि इस घटना से पृथ्वी, अंतरिक्ष यात्रियों या सैटेलाइट्स को कोई खतरा नहीं है।

उत्तर कोरिया में भीषण गर्मी का अजीबोगरीब इलाज



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई इलाकों में तापमान 35 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इससे बचने के लिए वहां की सरकार और डॉक्टरों ने लोगों को अपने खान-पान में बदलाव करने को कहा है। सरकारी सलाह में तरबूज और खीरे जैसी ठंडी चीजों के साथ-साथ कुत्ते के मांस का सूप पीने को कहा गया है।

डॉक्टरों का कहना है कि ज्यादा तापमान की वजह से हार्ट, शुगर और थायराइड के मरीजों की तबीयत बिगड़ सकती है। इससे बचाव के लिए उन्होंने डांगोगी गुक को एक ताकत देने वाला सूप बताया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, सरकार इसे अपनी संस्कृति का हिस्सा मानती है और राजधानी में ताएदोंग नदी के किनारे इसके खास रेस्तरां भी चलाती है। साथ ही, इसे बढ़ावा देने के लिए कुकिंग प्रतियोगिताएं भी कराई जाती हैं। 1990 के दशक में वहां आए भारी अकाल से पहले लोग इसे आसानी से खरीद लेते थे। उस समय एक कुत्ते की कीमत लगभग 150 से 300 उत्तर कोरियाई वॉन हुआ करती थी। अब महंगाई इतनी बढ़ चुकी है कि यह कीमत क्वोरा के अनुसार, 30 हजार वॉन तक पहुंच गई है।

1980 के दशक में बदल दिया गया था नाम

डेलीएनके के मुताबिक, उत्तर कोरिया में इस सूप को पीने का चलन काफी पुराना है। 1980 के दशक में वहां के तत्कालीन नेता किम इल संग ने एक आदेश निकालकर इसका नाम बदल दिया था। उन्होंने डॉग मीट सूप का नाम बदलकर डांगोगी यानी मीठे मांस का सूप रख दिया था। ऐसा इसलिए किया गया था ताकि वहां आने वाले विदेशी पर्यटकों को इसका सीधा नाम सुनकर असहजता न हो।

खगोलीय

इस छोटे से गांव में मचने वाली है भयानक खगोलीय हलचल!

दो बार ढलता नजर आएगा सूरज और आसमान से बरसेगी आग!

मैड्रिड। कल्पना कीजिए एक ऐसी शाम की जहां सूरज एक नहीं, बल्कि दो बार ढलता हुआ नजर आए और जैसे ही रात गहरी हो आसमान से टूटते तारों की भयंकर बारिश होने लगे। यह कोई काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि 12 अगस्त को स्पेन के एक बेहद छोटे गांव में हकीकत बनने जा रहा है। खगोल शास्त्रियों और दुनिया भर के पर्यटकों के लिए यह दिन सदी के सबसे बड़े अजूबे से कम नहीं होने वाला है। उत्तरी स्पेन के बुर्गोस प्रांत में स्थित अवेलानेसा दे मुन्यो एक बेहद छोटा सा गांव है। इस गांव में स्थायी रूप से केवल 10 लोग रहते हैं। लेकिन 12 अगस्त की रात को यह गांव यूरोप के सबसे बड़े आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा है। यहां एक ही रात दो-दो ऐतिहासिक खगोलीय घटनाएं एक साथ घटने वाली हैं। इस नजारे को देखने के लिए पूरे यूरोप और दुनिया भर से हजारों लोग इस शांत गांव में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं।



डबल डार्कनेस का अनोखा और दुर्लभ नजारा

इस दिन स्पेन में 1912 के बाद और मुख्य यूरोप में 1999 के बाद पहली बार पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। यह सूर्य ग्रहण सूर्यास्त के ठीक पहले होगा, जिससे एक अनोखा प्रभाव पैदा होगा। चंद्रमा जैसे ही सूरज को पूरी तरह से ढकेगा दिन का उजाला गायब हो जाएगा। इसके कुछ ही मिनटों बाद जब सूरज ग्रहण से बाहर आएगा तो रोशनी लौटेगी और फिर सूरज स्वाभाविक रूप से अस्त होगा। इस तरह लोग एक ही शाम में दो बार अंधेरा होते हुए देखेंगे, जिसे वैज्ञानिक 'डबल डार्कनेस' कहते हैं।

आसमान से होगी टूटते तारों की बारिश

सूर्य ग्रहण का रोमांच खत्म भी नहीं होगा कि रात ढलते ही आसमान में पर्सीड्स उल्कापिंडों की बौछार शुरू हो जाएगी। यह हर साल होने वाली उल्कापिंडों की सबसे तेज बौछार का चरम समय होगा। एक ही शाम को पूर्ण सूर्य ग्रहण और उसी रात को तारों की बारिश का एक साथ होना बेहद दुर्लभ माना जाता है। यही वजह है कि खगोल प्रेमी इस मौके को किसी भी कीमत पर गंवाना नहीं चाहते हैं।

गेहूं के खेत और अंधेरी रातें बनीं ताकत

अवेलानेसा दे मुन्यो गांव को इस नजारे के लिए सबसे बेहतरीन जगह माना जा रहा है। यह गांव सूर्य ग्रहण के सीधे मार्ग में आता है। यहां खुले गेहूं के खेत और पहाड़ियां पश्चिमी क्षितिज का साफ नजारा देते हैं। इसके अलावा गांव में कृत्रिम लाइटों की चकाचौंध नहीं है, जिससे रात के आसमान को देखना बेहद आसान हो जाता है। गांव में कोई बड़ा होटल या रेस्टोरेंट नहीं है, लेकिन पास के ऐतिहासिक होटल 2022 से ही पूरी तरह से बुक हैं।



सालों बाद घर लौट रहे हैं पुराने निवासी

इस घटना को लेकर गांव के स्थानीय लोगों में भारी उत्साह है। वर्षों पहले गांव छोड़कर शहर जा चुके पुराने निवासी भी इस खास रात के लिए वापस लौट रहे हैं। ग्रामीणों ने पर्यटकों के लिए सबसे बेहतरीन जगहें चुन ली हैं। स्थानीय निवासी सारा अलबारेज रोड्रिगेज का कहना है कि पास की गुफा के पास जाना सबसे अच्छा रहेगा, जहां से आसपास के पूरे परिदृश्य का विहंगम दृश्य दिखाई देता है।

लंगफिश मछली जमीन पर सालों तक रह सकती है जिंदा

नई दिल्ली। लंगफिश, इसके नाम से ही साफ पता चलता है, इस मछली के पास एक बहुत ही विकसित श्वसन तंत्र होता है। इंसानों और जमीनी जानवरों की तरह यह मछली भी सीधे हवा से ऑक्सीजन लेने में सक्षम होती है। लंगफिश का शरीर काफी लंबा और पतला होता है, जो देखने में बिल्कुल बाम मछली की तरह दिखाई देता है। इसके पास धागे जैसे पतले पंख होते हैं, जिनका उपयोग यह पानी में तैरने और सतह पर रेंगने के लिए करती है। यह मछली आमतौर पर उथले पानी के सोर्स जैसे दलदल, पोखर और झीलों में रहना पसंद करती है। जब तक पानी मौजूद रहता है, तब तक यह बाकी सामान्य मछलियों की तरह ही व्यवहार करती है और छोटे जीवों तथा केकड़ों को अपना भोजन बनाती है।



जिस पिता ने बेटियों को पढ़ाया-लिखाया उसकी चिता तक नहीं पहुंचा कोई अपना

सोनीपत। कहते हैं कि मां-बाप अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के भविष्य को संवारने में लगा देते हैं। उनकी हर खुशी, हर सपना और हर जरूरत को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। लेकिन हरियाणा के सोनीपत से सामने आई एक घटना ने ऐसे ही रिश्तों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां एक 74 वर्षीय बुजुर्ग पिता अपनी आखिरी सांस तक बेटियों का इंतजार करते रहे, मगर उनकी यह इच्छा पूरी नहीं हो सकी। इतना ही नहीं, उनकी अंतिम विदाई में भी कोई बेटी शामिल नहीं हुई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोगों को भावुक कर रहा है। तो आइए जानते हैं। सोनीपत के वेस्ट राम नगर स्थित एक वृद्धाश्रम में रहने वाले शिवचरण गुप्ता का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। बताया जाता है कि वह पहले कपड़ों का कारोबार करते थे। पत्नी के निधन के बाद वह अकेले पड़ गए थे और पिछले कुछ समय से वृद्धाश्रम में रह रहे थे। उम्र और बीमारी बढ़ने के साथ उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती गई। वृद्धाश्रम प्रबंधन के अनुसार, करीब 20 दिन पहले ही उनकी तीनों बेटियों को पिता की गंभीर हालत की सूचना दे दी गई थी, ताकि वे आकर उनसे मिल सकें। हालांकि, कोई भी उनसे मिलने नहीं पहुंची।



अंतिम समय में भी नहीं आई बेटियां

शिवचरण गुप्ता की तीन बेटियां हैं, अनिता, निशा और प्रिया। उन्होंने अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा दिलाई और हर संभव सुविधा देने की कोशिश की। बताया जाता है कि उनकी दो बेटियां शिक्षिका भी हैं। लेकिन पिता के निधन की सूचना मिलने के बाद भी कोई बेटी सोनीपत नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार एक बेटी नेपाल, दूसरी मुंबई और तीसरी उत्तर प्रदेश में रहती है। तीनों ने समय की कमी का हवाला दिया। उन्होंने अंतिम संस्कार के खर्च के लिए 5,100 रुपए भेजे और पूरी प्रक्रिया वीडियो कॉल के जरिए दिखाने का अनुरोध किया।

वृद्धाश्रम ने किया अंतिम संस्कार

जब परिवार का कोई सदस्य अंतिम संस्कार के लिए नहीं पहुंचा, तब वृद्धाश्रम के कर्मचारियों और आसपास के स्थानीय लोगों ने आगे आकर बेटे का फर्ज निभाया। उन्होंने पूरे सम्मान के साथ शिवचरण गुप्ता की अंतिम यात्रा निकाली और उनका अंतिम संस्कार कराया। इस दौरान उनकी तीनों बेटियां वीडियो कॉल पर जुड़ी रहीं और वहीं से अंतिम विदाई देखती रहीं। घटना यहीं खत्म नहीं हुई। अंतिम संस्कार के बाद बेटियों ने अस्थियां लेने में भी असमर्थता जताई और उन्हें गंगा में प्रवाहित करने का अनुरोध किया। परिवार की सहमति से शिवचरण गुप्ता की आंखें भी दान कर दी गईं ताकि उनकी मौत के बाद भी किसी जरूरतमंद की जिंदगी रोशन हो सके।

रेणु के हैं दुनिया में सबसे लंबे बाल

देहरादून। उत्तराखंड के हल्द्वानी की रहने वाली रेणु धरियाल के काले, घने और खूबसूरत बालों की लंबाई 271.50 सेमी (8 फीट 10 इंच) है, जिसने उन्हें 'सबसे लंबे बालों वाली जीवित महिला' का खिताब दिला दिया है। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। रेणु ने यूक्रेन की आलिया नासिरोवा (257.33 सेमी) का रिकॉर्ड तोड़कर यह मुकाम हासिल किया है। रेणु बताती हैं कि भारतीय संस्कृति में लंबे बालों को हमेशा से खूबसूरती और परंपरा का प्रतीक माना जाता है। इसी बात ने उन्हें इतना प्रेरित किया कि साल 2015 के बाद से उन्होंने कभी अपने बाल नहीं कटवाए. जब वो चलती हैं, तो उनके बाल जमीन को छूते हुए पीछे-पीछे लहराते हैं।

गिनीज बुक में दर्ज कराया अपना नाम





Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
लिवर सिरोसिस एवं लिवर ट्रांसप्लांट क्लिनिक
3000 से अधिक सफल लिवर ट्रांसप्लांट करने वाले देश के सुप्रसिद्ध एवं AIG हॉस्पिटल हैदराबाद के लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. पी. बालाचन्द्रन मेनन
M.Ch (GI. Surgery), PDCC (Vascular Surgery, Fellow Liver Tranplant)
Director- Liver Transplant & HPB Surgery
AIG HOSPITALS HYDERABAD
09 अगस्त 2026 (रविवार) समय : सु. 10:00 से दो. 03.00
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
आयुष्मान से लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा
मोवा, रायपुर, फोन : 7987770503, 9713665377
0771- 4241000/01/02

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल
शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

कुएं में समुद्र की तरह हिलोरे मार रहा है पानी

गांधीनगर। सोशल मीडिया पर गुजरात के मोरबी जिले के वीरपरड़ा गांव का एक हैरान करने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक रहस्यमयी कुएं अजीबोगरीब हलचल दिखाई दे रही है। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। कुएं में हो रही रहस्यमयी घटना को देखने के लिए लोगों की भीड़ पहुंच रही है।

राज्य के मोरबी जिले के वीरपरड़ा गांव में रहस्यमयी कुंआ स्थित है। इस कुएं का पानी बीते चार दिनों से समुद्र की लहरों की तरह हिल रहा है। वीरपार्डा गांव में नेशनल हाईवे के किनारे यह कुंआ स्थित है।



हलचल की जांच के आदेश

कुएं में हो रही रहस्यमयी घटना की जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने लहरों की वजह का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं। इस रहस्यमयी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या लोग पहुंचसरहे हैं। कुएं का पानी अपने आप समुद्र की लहरों की हिलता-डुलता दिख रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com